हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025



# जिले में फर्जी मतदाता तो नहीं? कांग्रेस हर बूथ में रख रही नजर, संदिग्ध वोटर की बन रही सूची, एसआईआर के लिए भाजपा ने भी झोंक दी अपनी पूरी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग पर लगाए जा रहे लगातार आरोप के बीच कांग्रेस प्रदेशभर में जारी एसआईआर प्रक्रिया पर भी बारिकी से नजर बनाए हुए है। हर बूथ पर अपने कार्यकर्ता को तैनात किए जाने के साथ ही ब्लॉकवार प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। वहीं संदिग्ध वोटर मिलने पर उसकी अलग से सूची भी तैयार की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इस अभियान के लिए पूरी टीम झोंक दी है। 100 दिनों का कार्यक्रम चलाकर जिला, मंडल, बूथ प्रभारी के अलावा शक्ति केंद्र और पन्ना प्रभारियों को भी डोर-टू-डोर संपर्क कर एसआईआर की प्रक्रिया कराने कहा गया है।

## 4 दिसंबर तक हर घर पहुंच रहे बीएलओ, फार्म भरने पर ही जुड़ेगा आपका नाम

### इनकी कांग्रेस बना रही सूची

कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागवत साहू से मिली जानकारी के अनुसार पीसीसी से मिले निर्देश पर हर बूथ में कार्यकर्ताओं को विशेष टिप्स दिए गए हैं। बताया गया कि ऐसे मतदाता, जो लंबे समय से यहां नहीं रहते हैं या जिनके नाम दो जगह हैं। ऐसे मतदाता जो मृत हो गए हैं या फिर दूसरे राज्य में रहते हैं, ऐसे लोगों की सूची कांग्रेस तैयार कर रही है। इस सूची को प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाएगा।

### जिले में 7.13 लाख मतदाता

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के चार ब्लॉक में लगभग 7.13 लाख मतदाता शामिल हैं। इनमें 98 फीसदी मतदाताओं का आधार सीडिंग का कार्य भी पहले ही पूरा कर लिया गया था। अब इन मतदाताओं से बीएलओ गणना प्रपत्र का फार्म भरवा रहे हैं। ज्ञात हो कि 2003 के एसआईआर में शामिल लोगों को अपने एपिक नंबर की जानकारी देना होगा।

### हर ब्लॉक में बनाए प्रभारी

कांग्रेस ने जहां हर बूथ पर अपने बीएलए स्तर के कार्यकर्ता को तैनात कर दिया है। वहीं हर ब्लॉक के लिए भी प्रभारी बनाए गए हैं, इनमें राजनांदगांव के लिए अंगेश्वर देशमुख, घुमका दुर्गेश द्विवेदी, डोंगरगढ़ ग्रामीण महेंद्र यादव, डोंगरगढ़ शहर रमेश खंडेलवाल, एलबी नगर शामिल हैं। वहीं मंडल एवं सेक्टर अध्यक्ष की भी तैनाती कर दी गई है। सभी से मिले इनपुट के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश संगठन को भेजी जाएगी।

### जमीनी स्तर पर जुटी भाजपा

जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी का कहना है कि एसआईआर को लेकर भाजपा ने जमीनी स्तर पर मुहिम छेड़ दी है। 100 दिनों का कार्यक्रम तैयार कर जिला, मंडल के अलावा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही बीएलए टू, बूथ सचिव, शक्ति केंद्र के संयोजक, सह-संयोजक और जनप्रतिनिधियों की टीम तैयार की गई है, जो शीघ्र ही डोर-टू-डोर जाकर एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर वोटरों को मदद करेगी। इसके अलावा बूथ अध्यक्षों को मतदाता सूची भी सौंपी गई है।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने आगामी वर्षों में जिन 12 राज्यों में चुनाव होने है, वहां पर एसआईआर यानि गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस प्रक्रिया के तहत सभी मतदाताओं का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसके लिए हर मतदाता को बकायदा गणना प्रपत्र का फार्म भरवाया जा रहा है। इस प्रक्रिया में मापदंड के अनुसार दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराने वाले मतदाताओं के नाम तक काटे जा सकते हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया राजनीतिक पार्टियों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाती है। यही कारण है कि हर बूथ पर कांग्रेस और भाजपा ने अपने बीएलए स्तर के कार्यकर्ताओं को इसमें तैनात कर दिया है।

---

केसीजी जिले के झूरानदी गांव का मामला, कुएं में डालकर की थी हत्या

# बहन ने की थी दोनों मासूम की हत्या

## जमीन को लेकर चल रहा था परिवारिक विवाद, यही बना हत्या का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत झूरानदी में दो मासूम भाई-बहन राधिका दो साल और करण वर्मा चार साल के हत्या की वारदात को अंजाम देने वाली उसकी बहन ही निकली।

रविवार को झूरानदी में दो बच्चों के गायब होने की सूचना पर परिजनों ने गांव वालों के साथ खोजबीन शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों ने ओंकार वर्मा की बाड़ी के कुएं में एक बच्चे का शव तैरते देखा, जब ग्रामीणों की मदद से पानी निकालकर दूसरे बच्चे को भी निकाला गया, तब यह स्पष्ट हो गया कि दोनों की मौत सामान्य नहीं है, यह हत्या है। पुलिस ने धारा 103-1 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरूआती पूछताछ के बाद शक की सुई गांव की ही एक 13 वर्षीय नाबालिक बच्ची पर जाकर रूकी।

**जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद**

सूत्रों के मुताबिक मृतक और आरोपी बच्ची के परिवार के बीच कुछ समय से जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था और इसी तनाव ने नाबालिक को हत्यारिन बना दिया।



**12 घंटे में सुलझी गुत्थी :** पुलिस ने आरोपी नाबालिक को हिरासत में लेकर विधि अनुसार किशोर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गांव में लगातार पूछताछ के चलते इस जघन्य दोहरे हत्याकांड से महज 12 घंटे में पर्दा हट गया। बताया जाता है कि आरोपी बच्ची मानसिक विकार की शिकार है और गांव मे बिना पूछे किसी के भी सामान को इधर-उधर करते आ रही थी। जिसके चलते लोग उसे उसके नाम से कम चोट्टी कहकर ज्यादा पुकारते थे और यही एक शब्द चोट्टी कहकर चिढ़ाना चार साल के मासूम करण और दो साल की राधिका को भारी पड़ गया। गांव में दो मासूम भाई-बहन की हत्या से पूरा इलाका शोक में डूबा हुआ है।

### मालवाहक में शव पहुंचा गांव

एक तरफ पुलिस ने 12 घंटे में सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर आरोपी नाबालिग को पकड़ लिया। वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक लापरवाही ने पूरे सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। पीएम बाद जब परिजनों ने छुईखदान अस्पताल से बच्चों के शव घर ले जाने के लिए शव वाहन की मांग की तो अस्पताल में एक भी शव वाहन नहीं था। मजबूरी में परिजनों को दोनों मासूमों के शवों को मालवाहक में रखकर गांव ले जाना पड़ा।

### गांव में पसरा मातम

ग्रामीणों ने बताया कि घटना इतनी बड़ी थी, पूरे गांव में मातम पसरा था, लेकिन अस्पताल में एक वाहन उपलब्ध नहीं कराया जा सका। लोगों ने अफसोस जताया कि मासूमों के शवों को भी सम्मानजनक तरीके से घर तक ले जाने की सुविधा यहां नहीं है। घटना के बाद स्थानीय सामाजिक संगठनों और कई जनप्रतिनिधियों ने भी सवाल उठाए हैं कि जब मौत जैसी आपात स्थितियों में भी शव वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहा, तो सिस्टम आखिर किस काम का।

### आरोपित बहन ने कहा: चोट्टी कहकर चिढ़ाते थे

पुलिस पूछताछ में नाबालिक ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि रिश्ते का भाई उसे चोट्टी-चोट्टी कहकर चिढ़ाता था। इसी गुस्से और बदले की भावना में उसने पहले करण को छत के रास्ते बाड़ी में कुएं की ओर ले जाकर धक्का दे दिया और वापस लौटते समय दो साल की राधिका किसी कारण से रो रही थी तो उसे लगा कि शायद उसने करण को कुएं मे फेंकते देख लिया है और इसी डर से रो रही है। इसके चलते उसने रूमाल से उसका मुंह बांधा और सीधे छत से ही उसे कुएं में फेंक दिया।

---

प्रदेश से सप्लाई अटकी, महीनेभर से जांच प्रभावित

# सीबीसी जांच के लिए भटक रहे मरीज, पर्याप्त रिएजेंट ही नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में इन दिनों मरीजों को सीबीसी जांच के लिए भटकना पड़ रहा है। लगभग 1 माह से जांच प्रभावित होने के चलते मरीजों को निजी डायग्नोसिस सेंटर में जाकर जांच करानी पड़ रही है। जिसमें अतिरिक्त खर्च हो रहा है। वहीं रक्त नमूने की जांच के अभाव में समय पर इलाज नहीं हो पा रहा है।

मरीजों के रक्त जांच की सुविधा के लिए जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीबीसी की आधुनिक मशीन लगाई गई है, लेकिन इस मशीन में जांच के लिए उपयोगी किट रिएजेंट की उपलब्धता नहीं होने के चलते मरीज को सीबीसी जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। दोनों ही जगह मरीज सीबीसी जांच के लिए भटक रहे हैं।

वहीं जांच के अभाव में उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरीज को निजी जांच केन्द्रों में जाकर सीबीसी जांच के लिए 800 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे।

### रोजाना आ रहे मरीज



मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, देवरी, बालोद सहित आसपास क्षेत्र से सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। इसके बावजूद यहां पर सीबीसी की जांच के लिए किट की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो रही है। जिसकी वजह से यहां पहुंचने वाले मरीजों को भटकना पड़ रहा है।

### एनओसी जारी नहीं

सीबीसी जांच के लिए रिएजेंट किट की सप्लाई सीजी एमएससी के माध्यम से होती है। सप्लाई नहीं होने पर स्थानीय स्तर से खरीदी के लिए एनओसी जारी किया जाता है, लेकिन यहां जांच किट खत्म होने के बाद भी एनओसी नहीं दी जा रही है। जिसके चलते स्थानीय माध्यम से भी खरीदी नहीं हो पा रही है।

### नियमित सप्लाई नहीं

बताया जा रहा है कि सीबीसी जांच के लिए रिएजेंट की सप्लाई छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन द्वारा की जाती है, लेकिन कुछ समय से इसकी सप्लाई बाधित चल रही है। जिसके चलते सीबीसी जांच नहीं हो पा रही है। रक्त में संक्रमण, एनीमिया, कैंसर का पता लगाने के लिए यह महत्वपूर्ण जांच होती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला अस्पताल में पहुंचने वाले कई मरीजों को आगे की इलाज के लिए सीबीसी जांच करने का रह जाता है, लेकिन दोनों ही जगह पर मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है।

### मरीजों की हो रही जांच

सीजीएमएससी रिएजेंट की सप्लाई कम मात्रा में है, सिर्फ भर्ती मरीजों की जांच हो रही है। बाकी मरीजों की जांच मैन्युअल तरीके से कर रहे हैं।

**डॉ. पवन जेठानी**, प्रवक्ता
मेडिकल कॉलेज अस्पताल

### रिएजेंट की सप्लाई नहीं

सीजी एमएससी से सप्लाई नहीं है। जिससे रिएजेंट की समस्या होती है तो जांच बंद हो जाता है। स्थानीय क्रय के माध्यम से व्यवस्था किया जाता है।

**डॉ. यूएस चंद्रवंशी**, सीएस
जिला अस्पताल

---

## खबर संक्षेप

### शांति व्यवस्था भंग, अनावेदक पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले के विरूद्ध सोमनी पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम टेडेसरा में पुलिस में शिकायत की बात से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद-विवाद कर रहे भीखुदास साहू उर्फ राकेश साहू 30 साल निवासी ग्राम टेडेसरा थाना सोमनी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदक को प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इश्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश किया गया है।

## माए एंगल




---

# नेशनल हाईवे में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का किया संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के नेशनल हाईवे में दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का आज अधिकारियों ने निरीक्षण किया एवं रोड इंजीनियरिंग करने हेतु कार्यप्रणाली बनाई गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, एनएचएआई इंजीनियर हेमंत सहारे एवं अशोका बिल्डिकॉन टीम द्वारा नेशनल हाईवे के दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

⏩ शेष पेज 12 पर

### टर्निंग पाइंट से हो रही दुर्घटनाएं

झूरानदी पुल चिचोला के पास लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं के कारणों एवं रोकथाम हेतु ओपी चिचोला प्रभारी निरीक्षक योगेश पटेल की उपस्थिति में संयुक्त निरीक्षण किया गया। रायपुर-नागपुर रोड चिचोला में झूरानदी पुल के पास मोड़ है एवं इसी प्रकार नागपुर-रायपुर रोड पर भी मोड़ है, जहां पर वाहनों के ओव्हर स्पीड एवं ओव्हर टेक करने के कारण पिछले एक-दो महीने में एक ही प्रकार की 3 दुर्घटनाएं टर्निंग पाईंट होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई है।

---

# युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंका संदिग्धों से पूछताछ में जुटी पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में पुराने विवाद को लेकर एक अधेड़ की हत्या कर कुआं में फेंके जाने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। संदेही को हिरासत में ले लिया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मारगांव में आज सुबह गांव के ही रहने वाले अंगेश्वर साहू उम्र लगभग 45- 50 वर्ष का शव गांव के बाहर एक कुएं में देखा गया। जिससे गांव में सनसनी फैल गई है। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम गांव पहुंची, जहां शव को बाहर निकाला गया एवं पीएम के लिए भिजवाया गया है। बताया गया कि मौके पर डॉग स्क्वायड भी पहुंचा हुआ था। पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### खास बातें

- डोंगरगांव ब्लॉक के मारगांव का मामला
- हत्या का शक, जांच में जुटी टीम



### पूछताछ से होगा खुलासा

माना जा रहा है कि संदेही ने अंगेश्वर साहू की हत्या कर उसके शव को कुआं में फेंक दिया है। इधर कुछ ग्रामीण इस मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात रखने हेतु थाना पहुंचे थे, जिन्हें अधिकारियों ने समझाईश देकर गांव भेजा है। संदेही से पूछताछ पर मामले का खुलासा होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### बारीकी से जांच पड़ताल

बताया गया कि इस मामले में गांव के ही ग्रामीणों से भी मामले के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस की टीम हत्या के इस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

---

# प्लास्टिक थैला में रखकर बेच रहा था शराब, कोचिया पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्लास्टिक के थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 30 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा चलाए जा रहे नशा उन्मूलन एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर पुलिस चौकी प्रभारी चिचोला निरीक्षक योगेश पटेल के नेतृत्व में पुलिस चौकी स्टॉफ द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले को पकड़ा गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई :** पुलिस के अनुसार 9 नवंबर को मुखबीर की सूचना पर ग्राम धनडोंगरी के एक व्यक्ति शत्रुहन कवर 31 वर्ष के कब्जे से एक प्लास्टिक के थैले में 4 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब एवं 26 पौवा गोल्डन गोवा सुपेरियर व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 3120 रुपए, जो अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु अवैध शराब बिक्री कर रहा था। अवैध शराब को जब्त कर आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

---

## गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ी, शाम से ही चल रही ठंडी हवा

# उत्तरी दिशा से आ रही ठंडी हवा ने तापमान 15 डिग्री से भी नीचे लुढ़काया, रातें सर्द, अलसुबह छा रहा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश में उत्तर की दिशा से आ रही ठंडी हवाओं ने तापमान में बड़ा बदलाव कर दिया है। चार दिन पहले तक 20 डिग्री के करीब बने रहने वाला जिले का न्यूनतम तापमान अब लुढ़ककर 15 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। जिसकी वजह से जहां रातें सर्द हो गई है। लोगों को गर्म कपड़े पहनने मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं अलसुबह कोहरा भी दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में भी कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट के साथ विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सरगुजा संभाग के जिलों में एक-दो पैकेट्स में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। प्रदेश में 10 नवंबर एवं इसके बाद मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि अंचल में अभी शीत लहर की स्थिति नहीं बताई गई है। शहर से लेकर गांव तक सुबह और रात के समय ठंड बढ़ने लगी है। जबकि दिन में मौसम सामान्य और शुष्क बना हुआ है।

### दिखने लगे अलाव, विजिबिलिटी पर असर

पिछले कुछ दिनों में अचानक बढ़ी ठंड का दोहरा असर देखने को मिल रहा है, जहां सर्द हवाओं और बढ़ते कोहरे के कारण इलाके में विजिबिलिटी प्रभावित हुई है। वहीं शहर से लेकर गांव और कस्बों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे की बात करें तो जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है।

### बीमार होने का खतरा

जिले में पिछले कुछ दिनों के दरमियान तापमान तेजी से बदल रहा है। जिसके चलते बीमार होने का खतरा भी बढ़ गया है। विशेषज्ञों ने बताया कि ऐसे मौसम में अधिक मच्छर देखने को मिलते हैं। जिनकी वजह से मलेरिया फैलने जैसे खतरा भी बढ़ जाता है। बीमारी से बचने सतर्क रहना जरूरी है। देर शाम तापमान तेजी से नीचे जा रहा है। जिससे बचने के लिए स्कूली बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्म कपड़े साथ रखने चाहिए, ताकि अचानक तापमान गिरने का असर तबीयत पर न पड़े।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### बारिश से धान की फसल खराब



**चिचोला।** हफ्ते भर पहले हुई बारिश किसानों के लिए बनी आफत साबित हुई है। बारिश से धान की फसल पानी मे डूब गई साथ ही कुछ खेतों की फसल के अंकुरित होने की जानकारी मिली है। हरूना धान की फसल पक गई है किन्तु खेतों में नमी होने के कारण किसान कटाई नहीं कर पा रहे है। रंगीटोला के किसान अतिश सिन्हा, दिलीप सिन्हा और अलखराम सिन्हा ने बताया कि तूफान से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। फसल के प्रभावित होने से किसान काफी चिंतित है। जमीन के गीला होने से किसान हार्वेस्टर के बजाए हाथ से कटाई कर रहे है जिससे उन्हे अधिक खर्च करना पड़ रहा है। आपदा को देखते हुए क्षेत्र के किसानों ने क्षतिपूर्ति और बीमा राशि देने की मांग की है।

### राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन वर्मा, उपाध्यक्ष हरपाल सिंह लोधी तथा कोषाध्यक्ष राकेशसिंह लोधी का बेलोदी में आत्मीय स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान समाज के समग्र विकास, संगठन की मजबूती और आने वाले समय में समाजिक एकता को नई दिशा देने पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ लोधी समाज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वह संगठन, सेवा और एकता का उदाहरण बन रहा है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने शिक्षा, रोजगार, युवा सशक्तिकरण, महिला भागीदारी और संगठन विस्तार आदि पर चर्चा। प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वर्मा से भेंट कर संगठनात्मक ढांचे, सामाजिक उत्थान और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विमल पटेल, कृष्णकुमार सिगौर, कमलेश्वर वर्मा, रामाधीन जंघेल, सुरेश सिगौर, दशमत जंघेल, उत्तम जंघेल, दीपक जंघेल, प्रकाश जंघेल, उत्तम चंदेल, नरेन्द्र जंघेल, राजेन्द्र जंघेल, ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

### अकादमिक अनुसंधान एवं नैतिकता पर व्याख्यान



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में आयोजित पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक, बीआईटी दुर्ग थे। उन्होंने अकादमिक अनुसंधान एवं नैतिकता विषय पर ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. चक्रवर्ती ने अनुसंधान कार्यों में शैक्षणिक एवं सामाजिक नैतिकता के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। अंत में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया गया। प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने डॉ. चक्रवर्ती को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### उप जेल में विधिक शिविर



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उप जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के सचिव एवं अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन तथा एडीजे निलेश जगवला एवं तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एडिशनल सिविल जज प्रतिभा वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में कैदियों एवं जेल स्टाफ को विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि जिला एवं तालुका स्तर पर प्रत्येक तीन माह में लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, जिसमें दीवानी, फौजदारी एवं राजस्व मामलों का निपटारा किया जाता है। आगामी 13 दिसंबर को डोंगरगढ़ न्यायालय में लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संचालन अशोक पांडे ने किया।

### एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**अंजोरा।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्विद्यालय अंजोरा में स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 6 नवंबर को आरंभ हुआ। शिविर में विभिन्न जिलों से 300 एनसीसी छात्र-छात्राओं सहित अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। शिविर के प्रथम दिन कैडेटों का आगमन हुआ। सभी कैडेटों के दस्तावेज एवं बायोमैट्रिक मशीन से सत्यापन किया गया। दूसरे दिन पीटी, व्यायाम के साथ प्रशिक्षण की गतिविधियां शुरू हुई। शिविर के कैंप कमांडेंट कर्नल राहुल दुबे ने उद्घाटन किया। उन्होंने कैडेटों को भविष्य निर्माण, अच्छे आचरण एवं देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

### सड़कें होंगी गड्ढामुक्त, 83.81 किमी में जारी मरम्मत

**मोहला।** जिले में सुगम आवागमन को बढ़ावा देने के खराब एवं जर्जर सड़कों का मरम्मत प्रारंभ कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत 83.81 किलोमीटर लंबाई की खराब सड़कों का चिन्हांकन किया गया है। निविदा आमंत्रण एवं कार्यादेश जैसी विभागीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर मरम्मत कार्य जारी है। चिन्हांकित मार्गों का मरम्मत कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### लोककला महोत्सव 15 को

**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला में शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन आगामी 15 नवम्बर को किया गया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित एक दल को अंबिकापुर में आगामी 18 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। जिले के आदिवासी लोक नृत्य समितियों को इस आयोजन में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।

## एक परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मकान में दर्ज

# नपं क्षेत्र के एक हजार से अधिक मतदाताओं के मकान नंबर शून्य

## शहर की मतदाता सूची पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मतदाता सूची को लेकर मचे बवाल के बीच शहर में भी शुद्धिकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिस मतदाता सूची के आधार पर नगर पंचायत के चुनाव कराए गए हैं वह काफी हैरान करने वाली और प्रशासनिक अमले की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाली है।

उल्लेखनीय है कि मतदाता सूची को लेकर बवाल मचने के बाद एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई है जिसके तहत घर घर फार्म का वितरण किया जा रहा है। निर्धारित मियाद फार्म के साथ आश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा जा रहा है। सब कुछ सही होने पर मतदान करने का अधिकार मिलेगा। जानकारी के अनुसार करीब साल भर पहले जिस मतदाता सूची के आधार पर नगरीय निकाय के चुनाव कराए गए है उसमें एक हजार से अधिक ऐसे महिला पुरुष मतदाता हैं जिनके मकान का नंबर शून्य दर्शाया गया है। हैरानी वाली बात यह है जिनका मकान नंबर शून्य बताया गया है उनके अन्य परिजन अपने मकान में निवास करते हैं और मतदाता सूची में बकायदा मकान नंबर भी उल्लेखित है।

### ऐसे भी मकान नंबर

कुछ मतदाताओं के मकान का नंबर हंसी के लायक दर्शाया गया है। वार्ड एक में तीन ऐसे वोटर है जिनके मकान नंबर के आगे संत लिखा है। वहीं एक के मकान नंबर आगे मोगरा कालोनी लिख दिया गया। वार्ड पांच की एक महिला वोटर के मकान नम्बर आगे डीओ लिखा है तो वार्ड 11 में एचए लिख दिया गया है। इसी तरह कुछ मकान नंबर के आगे एलआ, मेन, मकन या एचए दर्ज है।




### हर वार्ड में शून्य नंबर वाले मकान

जानकारी के अनुसार शहर के 15 वार्डों में एक हजार से अधिक ऐसे मतदाता है जिनका मकान नंबर शून्य दर्शाया गया है। जानकारी के अनुसार वार्ड एक में 148, वार्ड दो में 157, वार्ड तीन में 36, वार्ड चार में 68, वार्ड पांच में 145, वार्ड छह में 47, वार्ड सात में 45, वार्ड आठ में 92, वार्ड नौ में 64, वार्ड 10 में 123, वार्ड 11 में 102, वार्ड 12 में 111, वार्ड 13 में 62, वार्ड 14 में 61 और वार्ड 15 में 85 मतदाता का मकान नंबर शून्य दर्शाया गया है।

### अफसर और नेता भी चपेट में

मतदाता सूची बनाने में हुई लापरवाही के शिकार आम मतदाता ही नहीं बल्कि अधिकारी और जन प्रतिनिधि भी हुए है। सरकारी आवास में सालों से निवास करने वाली खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी चंद्र का मकान नंबर भी शून्य दर्ज है। इसी प्रकार नगर पंचायत की निवर्तमान कार्यकारिणी में पार्षद रहे दीपक देवांगन और वैशाली बोरकर का मकान नंबर भी शून्य दर्शाया गया है। शहर के विभिन्न वार्डों में माता पिता को अपने मकान का निवासी बताया गया है तो उसके पुत्र या पुत्री का नाम शून्य नंबर वाले मकान में दर्ज है।

### थोक में ऐसे वोटर

जानकारी के अनुसार निकाय चुनाव के पहले मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए थे। परिवर्धित सूची में शामिल अधिकांश नामों का मकान नंबर शून्य दर्शाया गया है जिस पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीते सालों में शहर में बड़ी संख्या में नए मकानों का निर्माण हुआ है। इन मकानों का नंबरीकरण नहीं होने से मतदाता सूची नाम जुड़वाने के दौरान अंदाज से नंबर लिख देते हुए जिसे बिना किसी जांच या पुष्टि के दर्ज कर लिया जाता है जिसकी वजह से भी मकान नंबरों में घालमेल देखा जा रहा है।

### सुधार प्रक्रिया शुरू

एसआईआर के तहत मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्धारित प्रारूप में जानकारी मिलने के बाद जो गड़बड़ियां देखने मिल रही है उसमें सुधार होगा।

**- पीएल नाग,** तहसीलदार

## श्रुति मंडल में कुलपति ने दी सितार वादन की प्रस्तुति




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- वर्षगांठ पर वंदे मातरम् की प्रस्तुति

पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र की स्मृति में इन्दिरा कला संगीत विवि में श्रुति मंडल का आयोजन किया गया। इस दौरान बंकिमचंद्र चट्टर्जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संगीत संकाय के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात प्रेजेंटेशन के माध्यम से पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। शिवम सोनी के द्वारा शास्त्रीय ख्याल गायन, सम्राट भट्टाचार्य द्वारा उपशास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी गई। सहयोगी कलाकार के रूप में दीपसुन्दर भौमिक हारमोनियम, डॉ शिवनारायण मौरे तबला व ऋषभ मिस्त्री हारमोनियम शामिल रहे।

### कुलपति के सितार वादन से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने सितार मे राग सरस्वती की प्रस्तुति दी। सहयोगी कलाकार के रूप में पं अवध सिंह ठाकुर तबला शामिल रहे। मंच संचालन सुश्री श्रुति जैन व श्रद्धा सुमन वाचन मयंक बिसेन ने किया। कार्यक्रम के अंत में राज्योत्सव के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में प्रथम कानन खंडेलवाल, द्वितीय पंकज नेताम व तृतीय रक्षिता मौर्य, रंगोली प्रतियोगिता में विजयी प्रथम गुलशन साहू, द्वितीय महेंद्र कुमार व तृतीय अंजल यादव को कुलपति द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

## भगवान बिरसामुंडा को किया नमन



**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि जनजातीय नायकों, संस्कृति और योगदान का सम्मान करने वाला एक राष्ट्रीय उत्सव जनजातीय गौरव दिवस है। यह दिवस भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन बताया कि धरती आबा के नाम से प्रसिद्ध बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया और जनजातीय अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। रितेश बंजारे ने बताया कि यह दिन स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन पूजा देवांगन और आभार प्रदर्शन डॉ नवीन राजपूत ने किया। इस दौरान रविप्रकाश चतुर्वेदी, नेमू साहू, मासूम वर्मा, डॉ साधना देवांगन आदि मौजूद थे।

## संस्कृत और बाल वाटिका का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संस्कृत एवं शिशु वाटिका विषय पर लाल बहादुर संकुल का चतुर्थ आचार्य प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में आयोजित किया गया। वर्ग की शुरुआत दीप वंदना एवं मां सरस्वती की वंदना से हुई। आचार्य भागवत पटेल ने आचार्य एवं दीदियों को संस्कृत का प्रशिक्षण दिया। श्रीमती वैष्णव ने शिशु वाटिका के बारह आयामों के बारे में जानकारी दी। आचार्य एवं दीदियों ने गीत एवं नृत्य के माध्यम से शिशु वाटिका का प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंत में सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई के संस्था प्रमुख एआर पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल प्रमुख ढालचंद यादव, केवल वर्मा, रोहित टांडेकर, रानी देवांगन, पूरनलाल आदि मौजूद थे।

## वाद-विवाद में खुमेश्वरी, चन्द्रप्रकाश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विज्ञान संकाय ने विश्व विज्ञान दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर शान्ति और विकास में विज्ञान के योगदान विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में रोचक विचार व्यक्त किया। विज्ञान के आविष्कारों से हो रहे विकास के साथ दुरुप्रयोग से होने वाले विनाश की संभावनाओं को रेखांकित किया गया।

प्राचार्य ने विज्ञान के आविष्कारों के सदुपयोग से जीवन को सरल और सहज बनाकर सही विकास की दिशा में अग्रसर होने प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक कंचन साहू ने विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान के आविष्कारों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में ख़ुमेश्वरी ने विपक्ष में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं चंद्रप्रकाश ने पक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंह, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, हरवंश, ओमप्रकाश सहारे, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, चंद्रकांत कुंभकार, माधुरी देवांगन, हिमानी साहू , मोनिश खान उपस्थित थे।

## लोकरंगकर्मी पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर को कला संगीत विवि ने किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



लोक संगीत एवं कला संकाय में प्रसिद्ध लोकरंगकर्मी पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर की स्मृति में स्मरण पद्मश्री कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। संगीत विवि में लोक संगीत विभाग के संस्थापक प्रो शरीफ मोहम्मद की अध्यक्षता और पूर्व अधिष्ठाता प्रो भरत पटेल, अधिष्ठाता प्रो राजन यादव के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा और पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

गणेश वंदना बाद अतिथि शिक्षक डॉ परमानंद पांडेय ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण में प्रो राजन यादव ने विभाग के संस्थापक मोहम्मद शरीफ के बारे में बताया कि गांव गांव चलकर जिन महापुरुषों ने इस विभाग को आगे बढ़ाया उनमें उनका नाम लिया जाता है। शरीफ साहब ने दर्जनों पुस्तकें लिखी और प्रदर्शन भी करते आ रहे हैं। बच्चों की जागरूकता को लेकर हर महीने इस तरह का आयोजन किया जाता है ताकि वें ज्ञानार्जन कर सके। उन्होंने कहा कि केवल गुरु को सजग नहीं होना चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को भी सजग होना पड़ेगा।

### कलाकारों के योगदानों की सराहना

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि हमें सुखद अनुभूति होती है जब हमारे मंदिर में ऐसी विभूतियां होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहें, सीखने से ज्ञान बढ़ता है। प्रो शरीफ मोहम्मद बड़े प्रेरणा श्रोत हैं। हमें अपने आप को तराशना है और बेहतर बनाना है। कला जीवन पर्यंत चलने वाली साधना है, इसे समझने के लिए बहुत कुछ त्यागना पड़ता है। समर्पण आवश्यक है तभी आगे बढ़ पाओगे। प्रो. शरीफ मोहम्मद ने इंदिरा कला संगीत विवि में अपनी पदस्थापना के संबंध में जानकारी प्रदान की और बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम मे नवभारत जबलपुर संस्करण के संपादक डीपी वाजपेयी ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ दीपशिखा पटेल और आभार प्रदर्शन संगतकार डॉ नत्थू तोड़े ने किया। इस दौरान सेवानिवृत्त संगतकार सुमिरन धुर्वे, पूर्व छात्र परमानंद राजपूत, फारुख मेमन, लोक कलाकार रफीक खैरागढ़िया सहित अतिथि व्याख्यातागण व विद्यार्थी, शोधार्थी उपस्थित थे।

## किताबों के नहीं बंटने पर कड़ी आपत्ति


**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शिक्षा विभाग की लापरवाही पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि आधा शैक्षणिक सत्र बीत चुका है, लेकिन 9वीं से 10वीं के विद्यार्थियों को अब तक पूरी किताबें नहीं मिली हैं। कई स्कूलों में किताबें किस्तों में पहुंच रही हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। श्री लोधी ने कहा कि यह स्थिति न केवल छात्रों बल्कि अभिभावकों के लिए भी चिंता का विषय है। बिना किताबों के स्कूलों में परीक्षा ली जा रही हैं, ऐसे में छात्र कैसे परीक्षा की तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। शिक्षा का अधिकार सिर्फ नारे तक सीमित रह गया है, ज़मीन पर हकीकत बेहद दर्दनाक है। उन्होंने सभी स्कूलों में पूर्ण पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है।

### अवेली में खेल स्पर्धा 12 से

**पटेवा।** ग्राम पंचायत अवेली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में उपजोन स्तरीय बालक्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 12 एवं 13 नवम्बर को किया गया है। स्पर्धा में संकुल केन्द्र सलोनी, कामठा, करमतरा, मदराकुही एवं भरदाकला की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के लगभग 500 बच्चे भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह करेंगे। आगामी 13 नवम्बर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा होंगी।

## भुरवाटोला में बालोद्यान का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



वार्ड 20 भुरवाटोला में बाल उद्यान के लिए सांसद श्री संतोष पांडे ने सांसद निधि से 5 लाख की स्वीकृति दिया था। प्रस्तावित बाल उद्यान का भूमिपूजन प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, जसमीत सिंह बन्नोआना, विनय बंसल, विनीत यादव, पार्षद हरीश मोटघरे, अनिल पांडे, विश्वनाथ यादव आदि की मौजूदगी में किया गया।

### नाम परिवर्तन

यह कि मैं शपथकर्ता रावेन्द्र कुमार लाऊत्रे पिता श्री मनोहर राव राऊत्रे, जाति महार, निवासी ग्राम जामसरार खुर्द, तहसील डोंगरगांव्र, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ।

यह कि मेरे पुत्र के सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में एवं जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम पंकज कुमार लाऊत्रे दर्ज है, जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 8920-7731-5047 में उनका नाम लंकन कुमार लाऊत्रे (LANKAN KUMAR LAUTRE) दर्ज हो चुका है जो त्रुटिपूर्ण है।

यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड में एवं सभी अन्य शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में नाम अलग-अलग होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज त्रुटि पूर्ण नाम को सुधार कर सही नाम पंकज कुमार लाऊत्रे पिता श्री रावेन्द्र कुमार लाऊत्रे दर्ज कर सभी दस्तावेजों में पंकज कुमार लाऊत्रे लिखा, पढ़ा व जाना जावें।

शपथकर्ता
**रावेन्द्र कुमार लाऊत्रे**
ग्राम जामसरार खुर्द, जिला राजनांदगांव

### भूमि विक्रय संबंधी ईश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार संध्या नागतोड़े पति विरेनद्र नागतोड़े निवासी वार्ड नम्बर-1 डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव छ.ग. की रहने वाली है। मेरी पक्षकार स्त्रीधन एवं मायके से सहयोग प्राप्त कर वार्ड नम्बर 1 शिशु मंदिर के पास पटवारी हल्का नम्बर 25, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव छ.ग. में खसरा नम्बर 77/29 रकबा 0.0130 हेक्टेयर भूमि क्रय की है जिसे सद्भावना पूर्वक पति विरेन्द्र नागतोड़े पिता पुनाराम के नाम पर पंजीयन करायी है। उक्त भूमि को विरेन्द्र नागतोड़े द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। मेरे पति की शारीरिक व मानसिक स्थिति ठीक नही है।

अतः उक्त भूमि का सौदा कोई भी व्यक्ति या संस्था न रखें। यदि उक्त को कोई सौदा करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अतएव सूचना जाने**

स्थान :- डोंगरगढ़
दिनांक 10/11/2025

**अनिता साहू**
**(अधिवक्ता) डोंगरगढ़**
**मो.- 7587478476**

## शिशु मंदिर में वंदे मातरम् का गायन



**कुमर्दा।** राष्ट्र गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव के भैया बहनों ने गायन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन, गणेशराम भोयर, रामेश्वरी साहू, लिलेश्वरी निर्मलकर, पूजा भंडारी, कुमकुम साहू, हर्षिता देवदास, जगेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

**सड़क अतरिया।** मां नर्मदा भाजपा मंडल द्वारा रविवार को एसआईआर को लेकर नर्मदा मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर प्रभारी एवं जिला कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। साथ में समन्वयक डॉ. डेरालाल मस्करे, टीके चंदेल भी उपस्थित रहे। प्रभारी एवं अतिथियों ने एसआईआर के संबंध में कार्यकर्ताओं का दिशा निर्देशित किया। इस अवसर सामुहिक वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का सस्वर गान करते हुए कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, संतान साहू, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, रोशन, मनोज जंघेल, बेनलाल सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### धनगांव में कबड्डी, जिपं सदस्य हुए शामिल



**खैरागढ़।** ब्लाक के धनगांव में मारुति कबड्डी क्लब के तत्वावधान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में राजा आर्यव्रत सिंह के साथ जिपं सदस्य शताक्षी सिंह शामिल हुईं। भव्य आतिशबाजी से स्वागत बाद शताक्षी सिंह ने आयोजन के लिए मारुति कबड्डी क्लब के सभी सदस्यों को बधाई दी और कहा कि धनगांव अपने घर और यहाँ रहने वाले परिवार के सदस्यों की तरह लगते है। यहां आने के बाद वो खुद को नेता या जिपं सदस्य नहीं मानती। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्रामीण विकास में कभी भी कोई कमी नहीं आएगी। राजा आर्यव्रत सिंह ने कहा कि आम जनता और कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है उनके हर सुख दुख में वो साथ हैं। इस दौरान रामकुमार वर्मा, मन्नू वर्मा, जनपद सदस्य निर्मला उमेश वर्मा, कृष्ण कुमार, बबला वर्मा, रेवाराम वर्मा, नित्यशरण सिंह, अनिल सेन, राजेन्द्र वर्मा, सतीश वर्मा, गौकरण वर्मा, गजानंद वर्मा, रत्नेश वर्मा, पुनीत रजक, मोंटी वर्मा, चेतन रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### निःशुल्क जांच शिविर 12 को

**राजनांदगांव।** शहर के नया बस स्टैंड स्थित आरोग्यम क्लीनिक सतनाम भवन में निःशुल्क निःसंतानता एवं स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन 12 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक स्त्री रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक इंदिरा आईवीएफ मुंबई डॉ. रैनी अग्रवाल अपनी सेवाएं देंगी। शिविर का आयोजन दोपहर 2 से 4 बजे तक आरोग्यम क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनंदगांव में किया जाएगा। शिविर में पुरूष व महिलाओं से संबंधित परेशानी की जांच व परामर्श निः शुल्क दिया जाएगा।

### चिखली स्कूल मैदान में प्रशिक्षण के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे बच्चे

# हॉकी की नर्सरी को दे रहे नए खिलाड़ी 300 से अधिक खेल रहे मैदान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी के नए खिलाड़ी तैयार करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे द्वारा बच्चों को हॉकी खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शहर के चिखली स्कूल मैदान में रोजाना सैकड़ों बच्चे अभ्यास के लिए पहुंच रहे हैं।

यहां नवोदित हॉकी खिलाड़ियों के जुनून को देखकर हॉकी के प्रति लगाव को समझा जा सकता है। इस मैदान पर एक साथ सैकड़ों हॉकी लिए बच्चे जब अपने स्टिक के इशारे पर बॉल को नचाते हैं तो टक-टक की आवाज नवोदित खिलाड़ियों के हौसलों पर तालियों के गड़गडाहट की तरह सुनाई देती है। हॉकी खेल को भारत में 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन 100 वर्षों में राजनांदगांव में हॉकी खेल के प्रति बच्चों का जुनून अभी भी दिखाई देता है। चिखली स्कूल के मैदान में तीन-चार वर्ष उम्र के बच्चे भी सुबह 5 बजे पहुंचकर भारत के राष्ट्रीय खेल को सीखने ललायित नजर आते हैं। यहां बच्चों में हॉकी के प्रति जुनून को देखते हुए ही हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद इस शहर को हॉकी की नर्सरी का नाम दिया था, जो आज भी बरकरार है।



#### पांच उद्देशों को लेकर प्रशिक्षण

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने बताया कि उन्होंने दो बच्चों से इस मैदान में हॉकी प्रशिक्षण की शुरूआत की थी। अब यहां 300 से अधिक बच्चे हॉकी का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि इस मैदान में 1000 से अधिक बच्चे हॉकी का प्रशिक्षण ले। मृणाल चौबे ने बताया कि उन्होंने यहां पर बच्चों को हॉकी खेल को जीवित रखने और भविष्य में हॉकी के नए खिलाड़ी देने के लिए प्रशिक्षण की शुरूआत की है, लेकिन वह पांच उद्देश्य को लेकर बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। जिसमें खेल, शिक्षा, अनुशासन, स्वास्थ्य और नशे से दूरी मुख्य है।

#### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की चाह

रुद्राक्ष वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से यहां पर मिल रहे हॉकी खेल के प्रशिक्षण में हॉकी स्टिक से लेकर बॉल की व्यवस्था भी बच्चों के लिए कराई जाती है। यहां खेलने आने वाले खिलाड़ियों का कहना है कि वह यहां से प्रशिक्षण लेकर हॉकी खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनांदगांव का परचम लहराना चाहते हैं। हॉकी प्रशिक्षार्थी आरती साक्षी साहू और शुभम साहू ने कहा कि उन्हें हॉकी का खेल अच्छा लगता है और खेल के साथ बेहतर स्वास्थ्य भी मिलता है।

#### बेटियों की संख्या अधिक

चिखली स्कूल के इस मैदान में लगभग 300 हॉकी खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करते देखा जा सकता है। इसमें अधिकांश संख्या बालिका वर्ग की है। भारत में खेल के क्षेत्र में बेटियों ने काफी नाम किया है। वहीं इस मैदान में भी बेटियों की अधिक संख्या हॉकी के उज्जवल भविष्य को दर्शाता है। यहां से हॉकी के क्षेत्र में राजनांदगांव की बेटी रेणुका यादव ने ओलंपिक में खेलकर शहर को गौरवान्वित किया है। इसी तरह यह बेटियां भी यहां अपनी खेल कला को निखार रही है।

## हजारों लीटर पेयजल बह रहा व्यर्थ, लापरवाही उजागर



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के टिकरीपारा (वार्ड 13 एवं 14) में जल संरक्षण को लेकर प्रशासन की लापरवाही चरम पर पहुंच गई है। गंडई के इन वार्डों में गत लगभग दो माह से जगह-जगह टूटी पाइपलाइनों से प्रतिदिन हज़ारों लीटर शुद्ध पेयजल व्यर्थ बह रहा है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस गंभीर लीकेज की शिकायत स्थानीय पार्षद द्वारा सीधे सीएमओ और ठेकेदार तक को की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार दोनों ही इस समस्या पर कुंभकर्णी नींद में हैं। छोटी घाट जाने के मार्ग पर टूटी पाइपलाइनों के कारण शुद्ध पानी तो बर्बाद हो ही रहा है, बल्कि यह लीकेज जल संरक्षण अभियान की हवा निकाल रहा है। लीकेज से बहने वाला पानी गली-मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर जमा होकर कीचड़ का रूप ले रहा है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार इमरान कंट्रक्शन गंडई द्वारा अधोसंरचना विकास निधि के अंतर्गत कराए गए पाइपलाइन विस्तार कार्य में खराब फिटिंग का परिणाम हो सकती है। खराब फिटिंग से होने वाला यह रिसाव केवल पानी की बर्बादी नहीं है, बल्कि एक बड़ा स्वास्थ्य संकट है। नालियों के गंदे पानी के संपर्क में आने से पाइपलाइन में दूषित जल का प्रवेश हो सकता है, जिससे डायरिया और टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियाँ फैलने का खतरा मंडरा रहा है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए।

वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद सांवत देवांगन ने इस समस्या पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने साफ कहा है कि, /पेयजल लीकेज संबंधी समस्या को लेकर मैं ठेकेदार और सीएमओ को कई बार अवगत करा चुका हूं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

#### जानकारी मिली है

नगर पंचायत गंडई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अविनाश देवांगन का कहना है पाइप से पानी लीकेज संबंधी जानकारी मिली है, इस संबंध में ठेकेदार को बोला हूं, लेकिन वह अभी तक सुधार नहीं किया है और फोन भी नहीं उठा रहा है, कोशिश करता हूं।

## 15 को जिले में होगा यूनिटी मार्च, निकलेगी एकता पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 15 नवम्बर को यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में इसकी तैयारी को लेकर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक आयोजन की रूपरेखा व विभागवार जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

सीईओ ने कहा कि यूनिटी मार्च जिले की सामाजिक एकता, स्वच्छता और जनभागीदारी का प्रतीक बनेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करें। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई, मार्ग सजावट, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और मीडिया समन्वय पर विशेष ध्यान दें।

बैठक में अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमनराज, सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा, नपा सीएमओ कोमल सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ, उद्यानिकी अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, नोडल प्राचार्य कॉलेज सहित अन्य उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने एक भारत, श्रेष्ठ भारतके संकल्प को साकार करने अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील की है।

#### सभी वर्गों की रहेगी सहभागिता

उन्होंने बताया कि यूनिटी मार्च अटल उद्यान से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, अंबेडकर चौक, इतवारी बाजार, अमलीपारा होते हुए प्राथमिक शाला धनेली पहुंचेगी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्धेश्य से एकता पदयात्रा निकाली जा रही है जिसमें गणमान्य नागरिकों, स्कूली छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवियों, ग्रीन कमांडों, स्वच्छता दीदी, नल-जल मित्र सहित समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी।

## प्रदर्शनी में रीतेश सम्मानित

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा आयोजित विज्ञान मेला दृ ष्टि को ण 2025 प्रदर्शनी में यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष रीतेश देवांगन को स म्मा नि त किया गया।



उक्त प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, आईटी, गणित, क्राफ्ट एवं कला का प्रदर्शन किया। रीतेश देवांगन आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट के निर्णायक मंडल में शामिल थे। संस्था द्वारा सम्मानित किए जाने पर रीतेश देवांगन ने संस्था की प्राचार्य भारती गौते, कार्यक्रम प्रभारी साजिद बेग एवं प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## धान बेचने किसानों को जारी होगा टोकन

- नवीनतम जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से होगी प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के पंजीकृत किसानों को धान खरीदी हेतु टोकन जारी करने की प्रक्रिया के व्यवस्थित प्रबंधन हेतु टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप विकसित किया गया है। इस एप की सहायता से प्रत्येक किसान स्वयं निर्धारित तिथि पर संबंधित खरीदी केन्द्र में धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। किसान की जानकारी, भूमि, बैंक खाता, टोकन एवं धान खरीदी संबंधी सभी नवीनतम जानकारी इस एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

टोकन सुबह 8 बजे विशेष रूप से तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से जारी किए जाएंगे। सोसायटी संचालक पिछले वर्ष की भांति ही सुबह 9.30 बजे से टोकन जारी करना शुरू कर सकते हैं। टोकन अगले 7 खरीदी दिनों के लिए जारी किए जाएंगे और टोकन में जारी धान की मात्रा डीसीएस, गिरदावरी, पीवी के अनुसार पंजीकृत धान रकबा से कम या बराबर होनी चाहिए। लघु किसानों और सीमांत किसानों को अधिकतम 2 टोकन की अनुमति है। बड़े किसानों को अधिकतम 3 टोकन की अनुमति है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनाधिकृत टोकन जारी होने से रोकने टोकन बनाते समय आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। इससे किसान की पहचान सत्यापित होगी और उनकी स्पष्ट सहमति के बिना टोकन जारी होने से रोका जा सकेगा। इस संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जीपीएफ निराकरण के लिए शिविर 12 तक

**राजनांदगांव।** कार्यालय महालेखाकार लेखा एवं हकदारी रायपुर द्वारा 10 से 12 नवंबर तक जिला कोषालय राजनांदगांव में जीपीएफ प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों जिनके सामान्य भविष्य निधि में विसंगति है, उसका डीडीडीओ के माध्यम से या स्वयं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला कोषालय में उपस्थित होकर निराकरण करा सकते हैं।

## प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में 10 नवंबर को चेम्बर ऑफ कामर्स और व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने राजनांदगांव के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गंज लाइन और जीई रोड में व्यापारियों को हो रही लोडिंग-अनलोडिंग समस्या से अवगत कराया गया। व्यापारियों की समस्या को एसपी ने ध्यान से सुना और उसका उन्होंने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों के इस प्रतिनिधि मंडल में कमलेश बैद, भीमन धनवानी, तरुण लहरवानी, अरुण दुलानी, शिव अग्रवाल, राजकुमार बाफना, आशीष अग्रवाल, हर्ष चितलांगिया, संजय तेजवानी, दीपक नवलखा, हरीश मोटलानी, अशोक तेजवानी, नंदकिशोर भूतड़ा, ओमप्रकाश डागा, जितेश पटेल, रमेश डागा, तरुण बाफना, नवनीत बगानी आदि उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों, लखपति और स्वच्छाग्राही दीदियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजभवन मे आयोजित कार्यकम में राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के प्रगतिशील महिलाओं और युवाओं को सम्मानित किया। राजभवन भ्रमण बाद जिले के एक दर्जन से उपर लोगों को राजभवन में सम्मान के लिए आमंत्रण मिला था।

अगस्त माह में जिला प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने इनसे मुलाकात के दौरान कामों की जानकारी ली और सराहना बाद आर्थिक अनुदान सहित सम्मान के लिए राजभवन में आमंत्रित किया था। जिसके बाद राजभवन मे मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कौशल क्षेत्रों में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों में प्रिया वर्मा से राज्यपाल ने बातचीत कर वर्तमान में पढ़ाई के बारे चर्चा की। सभी बच्चों से उनकी रुचि व भविष्य के प्लान पर विचार सुना। खुशाल वर्मा से अपने गोदग्राम सोनपुरी मे चल रहे निर्माण कार्य ओपन जिम और लाइब्रेरी की प्रगति को लेकर चर्चा कर सभी बच्चों को अच्छे से अध्ययन करने और स्किल सीख कर आगे बढने प्रेरित किया।



#### जिले के ड्रोन दीदी से की बात

खपरीतेली निवासी ड्रोन दीदी सावित्री साहू से उनके ड्रोन कार्य के बारे में चर्चा करते हुए आय के बारे में पूछा। सावित्री ने बताया कि वह ड्रोन के माध्यम से कृषि फसलों में दवाई छिडकाव कर रही है। साल में लगभग साढ़े तीन लाख रू की आमदनी हो रही है और आज वह लखपति दीदी के रूप में जीवन निर्वाह कर रही है। खमतराई निवासी लखपति दीदी राधा वर्मा ने जैविक खेती को लेकर राजपाल को बताया कि जैविक खेती के माध्यम से अपने घर में वह सब्जी की खेती करती है। धान का उत्पादन पूरी तरह से जैविक खेती के रूप में कर रही है। उसके परिवार की आय में चार से पांच हजार रूपया प्रति महीना की बढ़ोतरी हुई है।

#### स्वच्छाग्राही का काम नहीं है छोटा

गोदग्राम सोनपुरी की गोदावरी वर्मा ने बताया कि ग्राम में शनिवार को कचरा कलेक्शन करते हैं जिसका मानदेय ग्राम पंचायत द्वारा दिया जा रहा है। राज्यपाल ने उनके काम को कार्य सराहनीय और महत्वपूर्ण बताया। गोदग्राम सोनपुरी के बच्चों ने राज्यपाल को धान की बाली से निर्मित झूमर भेंट किया। राजभवन द्वारा दल को नए ट्राइबल म्यूजियम घुमाने की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान विद्यार्थी खुशाल वर्मा, कपिल वर्मा, टोपसिंग, पिमला वर्मा, खुशी, प्रिया वर्मा को राज्यपाल ने प्रमाण-पत्र दिया वही जैविक कृषि सखी राधा वर्मा खमतराई, ड्रोन दीदी सवित्री साहू खपरी तेली, स्वच्छग्राही गोदावरी सोनपुरी और निता वर्मा दुल्लापुर, संगीता रजक चंदैनी, गोंदा वर्मा डूंडा को भी सम्मान प्रमाण पत्र दिया। जिला दल के साथ नोडल अधिकारी पूजा पींचा, सहायक नोडल बैद्यनाथ वर्मा और दीनानाथ लिल्लारे भी मौजूद थे।

### कबीरधाम सहित जिले के 200 से अधिक बच्चों ने परखी तैयारी

# ढाबा हाई स्कूल में महा-मॉक टेस्ट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम ढाबा स्थित शासकीय हाई स्कूल में रविवार को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए लक्ष्य छत्तीसगढ़ संस्था द्वारा एक वृहद मॉक टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस महा-आयोजन ने मुख्य परीक्षा से पहले बच्चों को परीक्षा का सटीक पूर्वाभ्यास करने का अवसर प्रदान किया। इस मॉक टेस्ट में कबीरधाम, केसीजी जिलों के साथ ही मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से भी 200 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवोदय गुरु गुनाराम चंदेल, त्रिभुवन साहू और कृतलाल जंघेल के मार्गदर्शन में सभी



परीक्षार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य परीक्षा जो 13 दिसंबर को आयोजित होनी है, उसमें बच्चे किसी भी प्रकार की गलती न करें, इसे लेकर उन्हें विशेष रूप से सतर्क किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह मॉक टेस्ट मुख्य परीक्षा के पैटर्न को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। बैठक व्यवस्था से लेकर प्रश्नपत्र का स्वरूप तक, 13 दिसंबर को होने वाली परीक्षा के अनुरूप रखा गया था, ताकि बच्चों को परीक्षा हॉल के माहौल का वास्तविक अनुभव हो सके। टेस्ट समाप्त होने के बाद बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर उनकी गलतियों को मौके पर ही बताया गया, ताकि वे मुख्य परीक्षा से पहले उनमें सुधार कर सकें। आयोजकों ने बताया कि इसी प्रकार के छह मॉक टेस्ट का आयोजन आगामी प्रत्येक रविवार को अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। इस सफल आयोजन में निःशुल्क कोचिंग संस्थान और लक्ष्य सर्किल का विशेष योगदान रहा। इसमें लक्ष्य प्रांतीय उपाध्यक्ष दुर्जनराम जंघेल, सर्किल अध्यक्ष भीखेन्द्र जंघेल, संकुल समन्वयक योगेन्द्र कश्यप, कौशल सिंह राजपूत सहित शिवचरण वर्मा, मायाराम राठौर, भागचंद साहू, महेश वर्मा, दीपक मिश्रा, नारायण वर्मा, पूर्णेश वैष्णव, नीतू वैष्णव, अशोक कांवरे, रमेश वर्मा, उज्जवल नामदेव, पूनेश्वर देवांगन, खेमशंकर साहू और उमाशंकर पटेल समेत अन्य शिक्षकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

## एसडीएम ने विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर अग्रसर होने की दी प्रेरणा

**खैरागढ़।** ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टोलागांव में आयोजित कैरियर मार्गदर्शन और नैतिक शिक्षा कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करना उस दिशा में निरंतर परिश्रम करना और आत्मविश्वास बनाए रखना आवश्यक है।



श्री साहू ने विद्यार्थियों को समझाया कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि चरित्र अनुशासन और नैतिक मूल्यों से मापी जाती है.उन्होंने कहा कि जीवन की कठिनाइयां ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं इसलिए कभी हार न मानें हर चुनौती को अवसर में बदलने का प्रयास करें। एसडीएम श्री साहू ने मोबाइल के सदुपयोग पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने मोबाइल की तुलना कल्पवृक्ष से करते हुए कहा कि जैसे कल्पवृक्ष से इच्छानुसार फल प्राप्त होता है वैसे ही मोबाइल से ज्ञान सूचना और अवसर मिल सकते हैं यदि उसका सदुपयोग किया जाए। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि मोबाइल को मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सीखने और सफलता का माध्यम बनाएं। कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अनेक प्रश्न पूछे। श्री साहू के प्रेरक विचारों से बच्चों में आत्मविश्वास और जोश झलकता दिखाई दिया। विद्यालय परिवार ने अनुविभागीय अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार होता है जो उन्हें उज्जवल भविष्य की दिशा में अग्रसर करेगा।

## सार समाचार

### कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में 150वीं वर्षगांठ आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के एनएसएस यूनिट द्वारा "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगांठ उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक "वंदे मातरम्" गायन से हुई।



जिससे पूरे परिसर में राष्ट्रीय गर्व और उत्साह की भावना फैल गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन वेबिनार को सुना। जिसमें उन्होंने "वंदे मातरम्" के ऐतिहासिक महत्व, राष्ट्रजागरण में उसकी भूमिका और आज के युवाओं के लिए उसके प्रेरणास्त्रोत संदेश पर अपने विचार साझा किए। एनएसएस प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि "वंदे मातरम् हमारे राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है। यह गीत हमें मातृभूमि की सेवा, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। यदि युवा इसके आदर्शों को अपनाएं, तो भारत विश्व में एक आदर्श राष्ट्र बन सकता है।" प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा की ध्वनि है। इसने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया और आज भी यह युवाओं में समर्पण, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करता है।" संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल ने कहा कि "वंदे मातरम् भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गौरव का अभिन्न प्रतीक है। ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।" कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किया गया और अंत में "भारत माता की जय" एवं "वंदे मातरम्" के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कांग्रेस के टैलेंट हंट कार्यक्रम में नई जिम्मेदारी

**राजनांदगांव।** कांग्रेस पार्टी ने अपने नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इसी क्रम में



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देशभर में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। राजनांदगांव शहर निवासी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही प्रियंक जैन, मनीष साहू, परमानंद वर्मा, लिलेश पटेल, विनोद बमभोले और संदीप सोनी को जिले के सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर अभिमन्यु सहित सभी सह-प्रभारी सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला एवं संभाग प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा का आभार व्यक्त किया है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ हो एफआईआर दर्ज

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने 17 करोड़ के बूढ़ासागर में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कलेक्टर से की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने जारी पत्र के माध्यम से कलेक्टर से मांग की है



कि 25 अगस्त 2022 की निगम की सामान्य सभा में विषय क्रमांक 17 में लगभग 17 करोड़ रुपए की राशि से बूढ़ासागर-रानीसागर सौंदर्यीकरण हेतु शासन से स्वीकृति प्राप्त हुई थी, लेकिन निगम में बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों और महापौर एवं ठेकेदार की मिलीभगत से इस योजना में खुलेआम शाासन के नियम विरूद्ध कार्य कर लगभग 16.54 लाख के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की गौरवगाथा सभी ने मिलकर लिखी और 25 अगस्त 2022 की सामान्य सभा में कांग्रेस की तत्कालीन महापौर के कार्यकाल में विषय क्र. 17 में बुढ़ासागर के भ्रष्ट्राचार के मामले में सर्वसम्मति से दोनों दलों के भाजपा-कांग्रेस के पार्षदों ने इस भ्रष्ट्राचार की जांच प्रतिवदेन रिपोर्ट के अनुसार एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय पारित किया गया और ठेकेदार को 5 लाख रुपए दंडित करने का निर्णय एवं निगम के अधिकारी को निलंबन किया गया।

### विभिन्न मार्गों में बीटी पेच रिपेयरिंग की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग (भ/स) राजनांदगांव अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बीटी पेच रिपेयर कार्य किए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत जिले के 84 मार्गों की लंबाई 353 किलोमीटर में बीटी पेच रिपेयर कार्य के सम्पादन हेतु एजेंसी निर्धारित कर ली गई है। लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक 1/2 राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ द्वारा अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक से लखोली चौक, गंज चौक से बसंतपुर चौक, भदौरिया चौक मार्ग एवं डोंगरगांव-तुमड़ीबोड मार्ग तथा ढारा-ठेलकाडीह मार्ग में बीटी पेच का कार्य प्रारंभ किया गया है। समस्त बीटी पेंच के कार्य को माह दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### लोधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोशीला स्वागत

**राजनांदगांव।** लोधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार डेविड का रविवार को राजनांदगांव प्रवास के दौरान स्वागत किया गया। पूर्व तय



प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष का राजनांदगांव में सुबह 11 बजे होटल राज इम्पीरियल में आगमन हुआ। उनके साथ हरपाल सिंह लोधी राजस्थान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोधी समाज एवं राकेश सिंह लोधी अधिवक्ता जिला आगरा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोधी समाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश युवा लोधी समाज के पूर्व अध्यक्ष मूलचंद लोधी, जिला युवा लोधी समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राघव वर्मा, डोंगरगढ़ सर्किल अध्यक्ष ओंकार लिल्हारे, लक्ष्य संगठन के प्रदेश महासचिव दानेश्वर लिल्हारे, जिला युवा लोधी समाज के महासचिव इंजी. सीतेश वर्मा, रिखीराम लिल्हारे, हरेंद्र वर्मा, डोंगरगांव सर्किल लोधी समाज उपाध्यक्ष जितेंद्र लोधी, लोधी समाज पूर्व युवा उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सोनू वर्मा, भूषण वर्मा, नोमेश वर्मा, शिव वर्मा एवं समाज के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### रसायन शास्त्री वर्मा की पुस्तक लंदन में प्रकाशित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा की सम्पादित पुस्तक



सुपरकैपेसिटर मूल बातें, उन्नत और भविष्य के तकनीकी अनुप्रयोग रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री लंदन में प्रकाशित हुई है। यह पुस्तक सुपरकैपेसिटर तकनीक की मूलभूत अवधारणाओं से लेकर उसके उन्नत व भविष्यगत अनुप्रयोगों तक का व्यापक विवरण प्रस्तुत करती है। पुस्तक में सुपरकैपेसिटर की संरचना, कार्य सिद्धांत, इलेक्ट्रोड व इलेक्ट्रोलाइट सामग्री और उनके विद्युत.रासायनिक गुणों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है। इसमें इलेक्ट्रिक डबल लेयर कैपेसिटेंस तथा प्सूडोकैपेसिटेंस जैसे सिद्धांतों को सरल व सुसंगत रूप में समझाया गया है। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, समस्त प्राध्यापक एवं रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने डॉ. वर्मा को शुभकामना दी है।

## शिक्षा विभाग के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन ट्यूशन

# अवकाश में जेईई और नीट की तैयारी तराशे जा रहे पांच सौ से अधिक विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने शिक्षा विभाग के माध्यम से उनकी ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग कराई जा रही है। इस कोचिंग के जरिये विद्यार्थी नीट और जेईई की परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे हैं। विशेष बात यह है कि बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने शनिवार और रविवार को ट्यूशन दिया जा रहा है।

कक्षा 11वीं, 12वीं के बाद विद्यार्थियों को एक दिशा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा विभाग के माध्यम से बच्चों को एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा नीट और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई की तैयारी कराई जा रही है।

### विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का वरदान

नीट और जेईई की तैयारी के लिए बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है, जो बच्चे आर्थिक स्थिति के चलते निजी संस्थानों में जाकर इन प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते हैं, उनके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से परीक्षा की तैयारी शिक्षा के क्षेत्र में वरदान से काम नहीं है। ट्यूशन के जरिये यह बच्चे अपने सपनों को पूरा करने जुटे हुए हैं।



### 44 से अधिक शिक्षक दे रहे सेवा

नीट और जेईई की प्रवेश परीक्षा के लिए कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चों की तैयारी कराई जा रही है। इसमें 500 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। इस कार्य में 11 केन्द्रों में 44 से अधिक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अवकाश के दिन भी बच्चों को पढ़ा रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाइन माध्यम से सुबह 10 से 2 बजे तक और ऑफलाइन माध्यम से सुबह 9 से 1 तक बच्चों को ट्यूशन दिया जा रहा है।

### ऑनलाइन क्लास की सुविधा

शहर के बख्शी स्कूल और प्यारेलाल हाईस्कूल में ऑफलाइन माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। वहीं ऑनलाइन के जरिये मुसरा, घुमका, सोमनी, एलबी नगर डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया आत्मानंद स्कूल, कुमर्दा, अर्जुनी में भिलाई एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से फिजिक्स वाला के नोटस उपलब्ध कराकर क्लासेस ली जा रही है।

### 11 स्कूलों में ऑनलाइन क्लास

जिले के दो स्कूलों में ऑफलाइन और 11 स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमें 11वीं और 12वीं के बच्चों को जेई और नीट परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।

**- प्रवास सिंह बघेल,**
जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव

### लायंस क्लब सेवा के साथ शहर में जागरूकता भी लाता है : बागड़ी



**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने होटल कंवर पैलेस में बैठक के दौरान कहा कि लायंस क्लब ऑफ नांदगांव सेवा के साथ शहर में जागरूकता भी लाता है।

उन्होंने बताया कि लायंस क्लब शहर में जागरूकता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जानकारी के लिए बुद्धिजीवियों के साथ परिचर्चाओं व संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जरूरतमंद लोगों को मदद दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन अमलेन्दु हाजरा ने किया। डॉ. आनंद वर्गीस ने क्लब के महत्व को बताया। इस अवसर पर नंदकिशोर खंडेलवाल, दिलीप खंडेलवाल, दीपा खंडेलवाल, ललित भंसाली, संदीप सिंह, मधुलिका सिंह, योगेश गुप्ता, एचबी गाजी, मनमोहन साहू, जुगल किशोर खंडेलवाल, दिनेश अग्रवाल, ऋषभ नाहटा ने अपने विचार व्यक्त किए।

## फिजियोकॉन कान्फ्रेंस में सम्मानित हुए मोतीरामानी

**राजनांदगांव।** नगर के युवा फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. हर्ष मोतीरामानी को राजधानी रायपुर में आयोजित फिजियोकॉन



- रायपुर में मिला फिजियो रत्न अवॉर्ड

कांफ्रेंस में सम्मानित किया गया है। डॉ. मोतीरामानी को महिला क्रिकेट टीम की फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. आकांक्षा सत्यवंशी की उपस्थिति में फिजियो रत्न अवॉर्ड प्रदान किया गया। डॉ. मोतीरामानी नगर के महेंद्र नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में संजीवनी फिजियो क्लीनिक का संचालन लंबे समय से कर रहे हैं। संस्कारधानी के लिए गौरव का विषय है कि डॉ. मोतीरामानी को फिजियो रत्न जैसे अवॉर्ड से सम्मानित होने का अवसर मिला है।

राजधानी में द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपी ने फिजियोकॉन कान्फ्रेंस का आयोजन 9 नवंबर को शाहिद स्मारक भवन में किया था। डॉ. मोतीरामानी को महिला क्रिकेट टीम की फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. आकांक्षा सत्यवंशी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## कॉनफ्लूएंस कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय हिंसा विरोधी दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की एंटी हैरेसमेंट कमेटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंसा एवं बुलिंग विरोधी दिवस के अवसर पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत किया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि हिंसा और बुलिंग के खिलाफ आवाज उठाना केवल हिम्मत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हमें ऐसे सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना चाहिए, जहां हर विद्यार्थी बिना भय और भेदभाव के शिक्षा प्राप्त कर सके। एंटी हैरेसमेंट कमेटी की संयोजक देविका देवांगन ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नियम बनाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सम्मान, समानता और सहानुभूति की भावना



विकसित करना है। हर छात्र को यह समझना चाहिए कि बुलिंग का कोई भी रूप अस्वीकार्य है।

निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लेते अपने विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कॉलेज प्रबंधन एवं समिति सदस्यों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते इस तरह की गतिविधियों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया और भविष्य में हिंसा और बुलिंग के खिलाफ आवाज उठाने की शपथ भी ली।

## संत सांई चॉड्राम साहिब की अस्थि कलश यात्रा में छलके आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिंधी समाज के करिश्माई संत एवं लखनऊ स्थित शिव शांति आश्रम के पीठाधीश्वर संत शिरोमणि सांई चाँड्राम साहिब के ब्रह्मलीन होने के बाद समाज के बीच देशभर में उनकी अस्थि कलश यात्रा निकाली जा रही है। आज यह यात्रा वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से शहर पहुंची, जहां संत कंवरराम चौक में सत्कार किया गया और यहां से यात्रा निकाली गई। जिसमें सिंधी समाज के सैकड़ों अनुयायी शामिल हुए।

संपूर्ण भारतवर्ष में अस्थित कलश के दर्शन एवं पुण्य स्मरण यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में यह यात्रा राजनांदगांव पहुंचने पर समाज के लोगों के आंसू छलक पड़े। इस यात्रा में शामिल होने सिंधी समाज के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। यह यात्रा लालबाग हेमू कालाणी नगर स्थित संतराम धाम झंडा साहेब में पहुंचकर संपन्न हुई। वहीं इस अवसर पर रात्रि में पूज्य संत की याद में स्मरण सभा का आयोजन किया गया।



### दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

समाज के पदाधिकारी विजय परयानी ने बताया कि बाबा सांई सिंधी समाज के महान संत हुए। उन्होंने सारे समाज को सेवा, भक्ति, दान, सुमिरन सिखाया। वह कुछ दिन पहले ही ब्रह्मलीन हुए हैं। उनकी अस्थि कलश यात्रा भारत भ्रमण पर है और आज यहां सत्कार यात्रा निकाली गई है। वहीं पुण्य सत्संग सभा और अस्थि कलश दर्शन रखा गया है। उन्होंने कहा कि पूरा समाज उनके आश्रम नहीं जा सकता था, इसलिए यह यात्रा भारत भ्रमण पर है।

## निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

- मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा की गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क स्थापित किया गया है। इस पर संपर्क कर मतदाता एसआईआर के संबंध में जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जिला स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में व्याख्याता डीएलएमटी भूपेश साहू से मोबाइल नंबर 9425567756 एवं आईटी डेस्क में सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र सिंह से दूरभाष क्रमांक 07744-226315 पर संपर्क कर मतदाता एसआईआर के संबंध में जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इसी तरह राजनांदगांव तहसील स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी बलराम सिंह चौहान से मो.नं. 7828524410 एवं आईटी डेस्क में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मंगेश कुमार आर्य से मो.नं. 6260770496, डोंगरगढ़ तहसील स्तर पर स्थापित हेल्क डेस्क में सीएसी महेन्द्र कुमार कंवर से मो.नं. 9165916590 एवं आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-3 कोमल बंसोड से मो.नं. 7771922300, डोंगरगांव तहसील स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में सीएसी चन्द्रप्रकाश साहू से मो.नं. 9753110606 एवं आईटी डेस्क में डाटा एंट्री ऑपरेटर मोतिन ठाकुर से मो.नं. 9131012654, छुरिया तहसील स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में प्रधान पाठक नाथूराम सूर्यवंशी से मो.नं. 9544481944 एवं आईटी डेस्क में डाटा एंट्री ऑपरेटर माखन ध्रुव से मो.नं. 7746829754, घुमका तहसील स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में सीएसी सुनील वर्मा से मो.नं. 9826938892 एवं आईटी डेस्क में सहायक ग्रेड-3 डैनी कुमार से मो.नं. 7610411576, लाल बहादुर नगर तहसील स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में सीएसी किशोर कुमार पंचभवे से मो.नं. 7987811611 एवं आईटी डेस्क सहायक ग्रेड-3 करन कुमार यदु से मो.नं. 7000192132 पर संपर्क कर मतदाता एसआईआर के संबंध में जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

पृष्ठ 9 का शेष

### नेशनल हाईवे में...

**की जाएगी आवश्यक कार्रवाई-**
आवश्यकतानुसार मोड़ के दोनों ओर केट्स आई, लेफ्ट-राईट टर्न, ऐरो साईन बोर्ड, हाई मास्ट लाईट की आवश्यकता पर चर्चा की गई। इसी प्रकार तुमड़ीबोड़ गुरूद्वारा चौक, कोपेडीह तिराहा, बरगा मोड़ का निरीक्षण किया गया, जहां केट्स आई, हाई मास्ट लाईट लगाने के संबंध में चर्चा की गई है। आगामी समय में जिले के अत्याधिक दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर दुर्घटना रोकथाम हेतु "रोड इंजीनियरिंग" की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा कार्यालय में सभी 16 मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्रियों की आवश्यक कार्यशाला आहूत की गई। बैठक में चुनाव आयोग द्वारा देशभर में चल रहे एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी गई।

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची सटीक और विश्वसनीय बनाने हेतु देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत पुरानी मतदाता सूचियों में मृत व्यक्तियों के नाम काटने, स्थाई रूप से निवास बदलने वालों का नाम हटाना, किसी मतदाता का दो स्थान पर पंजीकरण को निरस्त करना, फर्जी मतदाताओं का नाम हटाना और शुद्ध व स्वच्छ पारदर्शी मतदाता सूची का निर्माण करने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक में सचिन बघेल, सावन वर्मा, डीकेश साहू, तरुण लहरवानी, लक्की भाटिया, रामकुमार गुप्ता, देवकुमारी साहू, रविंद्र वैष्णव, नीलकंठ गड़े, मुकेश बघेल, गुलशन हिरवानी, जैन मेश्राम, किरण बारले सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे।

### वंदे मातरम् गान से शुरू हुई कार्यशाला

सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर स्मरण करते वंदेमातरम गान के पश्चात बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन बघेल ने बताया कि इस अभियान में भाजपा बीएलए-1 एवं बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को इस अभियान में नियोजित करने जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय महामंत्री शिवप्रकाश ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में सभी जिलाध्यक्ष की बैठक लेकर मार्गदर्शन दिया था। जिसके तहत जिला स्तर पर मंडल अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई और बीएलए-1 तथा बीएलए-2 के मंडल स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु प्रभारी बनाए गए।

### दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सभी प्रभारियों द्वारा मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बीएलए कार्यकर्ताओं को इस अभियान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से आह्वान किया कि आपका वोट आपका अधिकार है, जागरूक मतदाता बने और परीगणना फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को जमा कराएं तथा अपने परिवार व आसपास के लोगों तक इस सूचना को पहुंचाए। जिससे पारदर्शी मतदाता सूची का निर्माण हो सके। बैठक का संचालन महामंत्री डीकेश साहू एवं आभार प्रदर्शन लक्की भाटिया ने किया।






### सरदार पटेल की प्रतिमा और हनुमान मंदिर स्थापना की घोषणा की

# विधायक ने केन-केरियर की पूजा-अर्चना की गन्ना खरीदी व पेराई सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

सोमवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने केन-केरियर और भगवान सत्यनारायण की पूजा-अर्चना कर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया में सत्र 2025-26 के गन्ना खरीदी, पेराई सत्र व शेयर धारक किसानों को शेयर प्रमाण पत्र वितरण का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कारखाना के स्थापना से लेकर अब-तक सरदार पटेल के नाम से संचालित होने वाले इस गन्ना कारखाने में उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापना करने और कारखाना परिषर में श्री हनुमान मंदिर स्थापित करने की भी घोषणा की। इसके साथ ही विधायक श्रीमती बोहरा ने क्षेत्र के सभी किसानों को गन्ना खरीदी सत्र की शुरूआत पर बधाई दी और कारखाने के शेयर धारक किसानों को शेयर प्रमाण पत्र वितरण किया। इससे कारखाने के लगभग 12 हजार से अधिक शेयर धारक किसानों को लाभ मिलेगा वहीं अन्य किसान भी प्रेरित होंगे।

उन्होने कहा कि किसानों का सम्मान और उनका आर्थिक सशक्तिकरण भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। आज से पंडरिया क्षेत्र के शक्कर कारखाने में भी गन्ना खरीदी और पेराई की प्रक्रिया शुरू हो रही है, यह अवसर आप सभी किसान भाई-बहनों के साथ-साथ हमारे लिए भी हर्ष का अवसर है। श्रीमती बोहरा ने समस्त शेयर धारक किसानों को भी बधाई दी,जिन्हें आज शेयर प्रमाण पत्र मिला है।

आप वो राष्ट्र-निर्माता हैं, जिनके खेतों से निकली मिठास करोड़ों भारतीयों के जीवन में मिठास घोलती है। आप सभी को अपनी फसल बेचने और पेराई प्रक्रिया में कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है और प्रक्रियाओं को सुदृढ़ किया गया है, जिससे अधिक से अधिक किसान अपने फसलों को बिना किसी अवरोध बेच सकें। कारखाना प्रबंधन और प्रशासन द्वारा भी विशेष व्यवस्था एवं कदम उठाए गए हैं जिससे किसान सुविधाजनक तरीके से अपनी फसल बेच सकेंगे, जिससे उनके समय और श्रम की बचत होगी।

#### भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा





भावना बोहरा ने कहा कि किसान को प्राथमिकता से उनके सशक्तिकरण के लिए केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा निरंतर योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना और कृषकों को आधुनिक कृषि से जोड़ने और उपकरणों का अधिक से अधिक उपयोग करने की दिशा में भी कृषि उपकरणों में जीएसटी दरों में अभूतपूर्व कमी की गई है, जिससे किसानों को सहायता मिल रही है, वहीं उनकी फसल उत्पादन क्षमता में भी बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भूमिहीन किसानों को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता, किसान समृद्धि योजना के साथ ही हमारी सरकार मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों की उन्नति के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आज छत्तीसगढ़ में किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत दी जा रही है, जो उनकी आय को और सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के दस दिनों के भीतर ही 2 वर्ष की बकाया बोनस राशि का भुगतान कर हमने किसानों के भरोसे को और मजबूत किया। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत हुई, जिसने खेती-किसानी को लाभकारी व्यवसाय में परिवर्तित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले किसान भारी ब्याज दरों पर उधार लेकर खेती करते थे, लेकिन आज केसीसी के माध्यम से शून्य ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है, जिससे खेती-किसानी और आसान हो गई है। ऐसे कई किसान हित व अधिकार के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार ने निर्णय लिए हैं जिनसे आज उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

#### किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर प्रयास कर रही सरकार

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर प्रयास कर रही है। दीपावली के पूर्व किसानों को बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने के साथ ही उन्हें प्रोत्साहन राशि एवं रिकवरी राशि का भी भुगतान करने का सराहनीय कार्य हमारी सरकार ने किया है, जिससे त्यौहार में किसानों को दोगुनी खुशी मिली। सरकार ने हमेशा किसानों के हित में कार्य किया है और इस बार भी किसानों को उनके अधिकारों का पूरा भुगतान किया गया है। सरकार की योजनाओं से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने में मदद मिल रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गन्ना समर्थन मूल्य घोषित करने का निर्णय गन्ना किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कैबिनेट ने 2025-26 गन्ना सत्र के लिए 355 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है। इस निर्णय से देशभर के गन्ना किसानों को न केवल राहत मिलेगी, बल्कि उनका आर्थिक सशक्तीकरण भी होगा। ड्रोन दीदी और लखपति दीदी योजना के माध्यम से ग्रामीण व किसान महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण कर उन्हें स्वालंबन की ओर अग्रसर किया है।



## गुरुकुल में स्वदेशी अभियान संबंधी शपथ ग्रहण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संपूर्ण देश में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती गरिमापूर्ण रुप से मनाई गई । इस अवसर पर अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया गया। जिला कबीरधाम में भी जिला प्रशासन की तरफ से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी कड़ी में स्वदेशी आंदोलन को प्रोत्साहित करने के लिए एवं आपसी सद्भाव के लिए एकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कवर्धा से पैदल यात्रा के रूप में चलकर गुरुकुल पब्लिक स्कूल प्रांगण तक आई। गुरुकुल में विद्यालय प्रबंधन समिति के निदेशकगण तथा प्राचार्य मनोज राय ने आत्मीय भाव से आगंतुकों का स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि इस एकता रैली में एनसीसी एवं स्काउट के विद्यार्थी शामिल थे। इनके साथ गुरुकुल के विद्यार्थियों ने भी सम्मिलित होकर आदिवासी छात्रावास महाराजपुर तक विशाल रैली निकाली। इस रैली का नेतृत्व राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा सह शिक्षा अधिकारी एम के गुप्ता ने किया।

एकता रैली के बाद गुरुकुल प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद द्वारा छात्र-छात्राओं, विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा अन्य कर्मचारियों को स्वदेशी अभियान से जोड़ने के निमित्त शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें स्वदेश में निर्मित वस्तुओं को व्यवहार में लाना और दूसरों को व्यवहार में लाने के लिए प्रोत्साहित करना, इसका प्रमुख उद्देश्य था।

सांसद श्री पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के विषय में विस्तार एवं भावपूर्ण जानकारी प्रदान की। गुरुकुल प्रांगण में इस समारोह के सफल आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष अन्य निदेशक गण तथा प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त किया तथा स्वदेशी आंदोलन में जुड़ने के लिए सभी का आह्वान किया।

#### राजमिस्त्री कार्य के लिए 30 दिनों का विशेष प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत 30 दिवसीय ऑफ कैंपस राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत शीतलपानी, लूप, मुड़वाली में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण आरसेटी तारों और जिला पंचायत कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार कौशल प्रदान करना है।

#### खबर संक्षेप

### सेल्समेन व प्रबंधक के हड़ताल पर जाने से ग्रामीण गरीब हितग्राही परेशान

**हरिभूमि कोलेगांव।** जिले भर के सरकारी उचित मूल्य की दुकान बंद व सेल्समेन तथा प्रबंधक हड़ताल पर चले जाने के बाद ग्रामीण गरीब हितग्राही परिवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चांवल नहीं मिलने से राशनकार्डधारी परिवार परेशान नजर आ रहे है। बताया जाता है कि क्षेत्र में नवम्बर माह की चांवल राशनकार्डधारी हितग्राहियों को आज पर्यन्त तक नही मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 10 तारीक से पहले चांवल वितरण का कार्य शुरू हो जाते है लेकिन इस बार उचित मूल्य की दुकाने बंद तथा सेल्समेन तथा प्रबंधक के हड़ताल पर जाने से ग्रामीण गरीब हितग्राहियो के चेहरे पर चिंता साफ देखी जा सकती है। सबसे ज्यादा परेशान क्षेत्र के अत्यंत गरीब हितग्राही जो दो वक्त की रोजी-रोटी के लिए सुबह से देर शाम तक रोजी मजदूरी करते है।

## संकुल केंद्र चियांडाड़ में बाल कौशल प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र चियांडाड़ में आयोजित तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे तथा संकुल प्राचार्य रामनाथ राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक रामसिंह धुर्वे एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चियांडाड़ के प्रधान पाठक राजेश कुमार धुर्वे ने अतिथियों का स्वागत किया तथा तीन दिवसीय प्रतियोगिता का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में संकुल केंद्र चियांडाड़ के अंतर्गत आने वाले 03 माध्यमिक एवं 11 प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रंगोली, मेहंदी, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, सुई-धागा दौड़, गोली-चम्मच दौड़ तथा विज्ञान मॉडल प्रदर्शन जैसी विविध प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी अब हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में सरपंच कोदूराम बैगा, सरपंच लमनूराम बैगा, सरपंच श्रीमती संमतबाई अवधेश पात्रे, उपसरपंच तितरुराम बैगा, प्रधान पाठक राजेश कुमार धुर्वे, श्रीमती हेमलता टंडन, नानूराम चंद्रवंशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट ढंग से किया गया और बच्चों की प्रस्तुतियों तथा प्रतिभा से पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से गूंज उठा।

## संकुल स्तरीय तीन दिवसीय बाल कौशल स्पर्धा संपन्न

- विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता का आयोजन हाई स्कूल भगतपुर में तीन दिवसीय 03 से 06 नवम्बर तक आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता शासकीय हाई स्कूल मैदान में संपन्न हुआ, इस संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर के प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहयोग से छात्र-छात्राओं का बल कौशल प्रतिस्पर्धा में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा और छात्र-छात्राओं का यह उत्साह निश्चित रूप से बहुत ही प्रशंसनीय है, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर से विजेता छात्र-छात्राओं के नाम वर्णित है। इस प्रतियोगिता में सामूहिक खेल जैसे खो-खो बालिका वर्ग प्रथम, सामूहिक खेल खो-खो बालक वर्ग प्रथम, कबाड़ से जुगाड़ द्वितीय, विज्ञान प्रदर्शनी प्रथम, अंग्रेजी कन्वर्सेशन प्रथम, एकल विधा खेल जिसमें बालक वर्ग जलेबी में टिकेश्वर धुर्वे प्रथम, 100 मीटर दौड़ टिकेश्वर धुर्वे द्वितीय, 200 मीटर दौड़ करण धुर्वे प्रथम, 400 मीटर दौड़ भूपेंद्र कुमार कोसरिया द्वितीय, बोरा दौड़ में भूपेंद्र चंद्राकर प्रथम, कुर्सी दौड़ भूपेंद्र चंद्राकर द्वितीय व गोली चम्मच दौड़ में आनंद द्वितीय तथा एकल विधा खेल बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ छात्रा राधिका साहू प्रथम, जलेबी दौड़ में विंध्यवासिनी प्रथम, सुई-धागा दौड़ में विंध्यवासिनी द्वितीय, गोली-चम्मच दौड़ में मानवी द्वितीय, लंबी कूद में राधिका साहू द्वितीय, मेंहदी प्रतियोगिता में काजल चंद्रवंशी प्रथम, रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया कमले सहित सभी छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन कर इस शाला का नाम को रौशन किया। जिस पर शाला के प्रधान पाठिका एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विजयी प्रतियोगियों का उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं 06 नवम्बर को शासकीय हाई स्कूल प्रांगण भगतपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती नंदनी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, अध्यक्षता कपिल चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश यदु, सुरेश दुबे, दिनेश चंद्रवंशी एवं जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पालक गण द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### प्रदेश के कर्मचारी उप-आयुक्त सहकारी संस्थाएं धमतरी का करेंगे घेराव

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कम्प्युटर ऑपरेटर संघ रायपुर के प्रदेश पदाधिकारी का बैठक आज राजधानी में किया गया। जिसमें सरकार के रुख के संबंध में चर्चा तथा सरकार के अधिकारियों से जो बात हुई है वह बे-नतीजा रहा, कोई नतीजा नहीं निकला पाया है उल्टा छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू जिला धमतरी के खिलाफ उप आयुक्त सहकारिता धमतरी के द्वारा आवाज को दबाने के लिए पुलिस में प्रकरण दर्ज का आदेश जारी किया किया गया। जिसका प्रदेश संगठन ने निंदा प्रस्ताव पारित किया है साथ ही 12 नवंबर को प्रदेश भर के सभी कर्मचारी धमतरी पहुंचकर उप आयुक्त सहकारी संस्थाएं धमतरी का घेराव करेंगी का निर्णय लिया गया है। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी ने दिया।

### भाजपा मण्डल कुण्डा का एसआईआर पर कार्यशाला सम्पन्न



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की विशेष गहन पुनरीक्षण एसआरआई को लेकर रूर्बन भवन कुण्डा में कार्यशाला कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशन में एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी नवल किशोर पाण्डेय एवं जिला मंत्री भाजपा ओम यदु, वरिष्ठ भाजपा नेता बीरेंद्र शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि खेमसिंह ठाकुर के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, बैठक में सभी को एसआईआर के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बूथ अध्यक्ष और बीएलए-2 को मतदाता सूची मृतकों गांव से बाहर रहकर शहरों में भू-मतदान करने वाले मतदाताओं नए मतदाताओं को वोटर बनवाने आदि की लिए प्रेरित करते हुए मतदाता सूची का शुद्धिकरण कराने की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी नवल किशोर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की रीढ़ कार्यकर्ता ही है, सभी को एकजुटता से काम करना है, मतदाता के शुद्धिकरण के लिए सभी मेहनत से जुटेंगे तभी कार्य सार्थक होगा। मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा नए मतदाताओं के वोट बनवाने के साथ जहां आवश्यकता होगी वहां बूथ भी बनवाए जाएंगे, वहीं कार्यक्रम को जिला मंत्री ओम यदु, बीरेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने किया एवं आभार व्यक्त उपाध्यक्ष संतोष ध्रुव ने किया। इस दौरान संतोष चंद्रवंशी, मनोज ठाकुर, शेखर सिंगरौल, अश्वनी यदु, साहेब लाल सोनवानी, शशांक शर्मा, प्रताप सेन, राजेश यादव, सूरज यादव, जोगी चंद्राकर, रामनाथ चंद्राकर, उमेश चंद्रवंशी, रामकृष्ण वैष्णव, मोनू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, बीएलए-टू सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

#### संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में भी मिडिल विभाग को मिला प्रथम स्थान

## छात्राओं में रचनात्मक कौशल विकास के लिए कन्या शाला में हुई कक्षा सजावट प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

नगर के शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला पंडरिया में गत दिनों कक्षा सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके परिणाम की घोषणा के पश्चात आज इस प्रतियोगिता हेतु हाई स्कूल, हॉयर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1101, 701, 501 और 201 रुपए का नगद पुरस्कार तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर 501, 301, 201 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता के लिए छात्राओं ने अपने-अपने कक्षाओं को हाथ से बनाए गए चार्ट, फ्लावर, झालर-झूमर आदि से सजाया एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, योग शिक्षा, सड़क सुरक्षा जन जागरूकता, विषय आधारित व सुविचार से संबंधित कक्षा में सुंदर ज्ञानवर्धक पेंटिंग भी बनाई गई।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षकों ने छात्राओं की रचनात्मक कौशल एवं बेहतरीन प्रयास की भरपूर सराहना की। सभी छात्राओं ने अपनी-अपनी कक्षा की इतने अच्छे से सजावट की हैं कि निर्णय ले पाना निर्णायकों के लिए भी मुश्किल रहा। वहीं सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शैल बिसेन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कक्षाओं की सजावट होती है बल्कि छात्राओं में रचनात्मक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है। छात्राओं को प्रतिस्पर्धा व टीम भावना के साथ-साथ बेहतर से बेहतर कलात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। संस्था की प्राचार्य श्रीमती एनके एक्का ने छात्राओं के सराहनीय प्रयास के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। इस आयोजन में सभी कक्षा शिक्षकों सहित पूरे स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया और साथ ही छात्राओं को उचित मार्गदर्शन देते हुए प्रेरित किया।

#### कक्षा 11वीं विज्ञान को मिला प्रथम स्थान

हॉयर सेकेण्डरी स्तर में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय को प्रथम, 11वीं कला संकाय को द्वितीय एवं कक्षा 12वीं वाणिज्य को तृतीय पुरस्कार दिया गया। हाई स्कूल स्तर में कक्षा 10वीं बी को प्रथम, 10वीं अ द्वितीय तथा कक्षा 9वीं ब को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। शेष सभी कक्षाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं मिडिल विभाग की छात्राओं का प्रयास बहुत ही सराहनीय रहा, जिससे कक्षा 07 वीं को प्रथम, 08 वीं को द्वितीय तथा कक्षा 6वीं को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पहाड़ी ग्रामो में लहलहा रही कुटकी की फसल

**कवर्धा।** विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल क्षेत्र के पहाड़ी ढलानों में कुटकी की फसल अब तैयार होने लगी है। किसानों के चेहरे पर फसल पकने की खुशी झलक रही है। इस वर्ष ब्लॉक के लगभग 580 हेक्टेयर रकबे में कुटकी की खेती की गई है। कुटकी आकार में कोदो से छोटी होती है, लेकिन इसका स्वाद अनोखा होता है। स्थानीय बैगा आदिवासी समुदाय कुटकी का पेज बनाकर भोजन के रूप में सेवन करते हैं, वहीं इसकी खीर बेहद स्वादिष्ट मानी जाती है। शासन की योजना इस खेती को लगातार प्रोत्साहित भी कर रही है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से भारत एकजुट और सशक्त रूप में स्थापितः सांसद संतोष पाण्डेय

■ सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर निकला भव्य यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में आज राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने के लिए जिला स्तरीय यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद कवर्धा परिसर से सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। इसके बाद सांसद श्री पाण्डेय ने यूनिटी मार्च पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी रैली में शामिल हुए। लगभग आठ किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा नगर पालिका परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर आवासीय विद्यालय महराजपुर में संपन्न हुई। इस दौरान सांसद श्री पाण्डेय ने युनिटी मार्च के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मोमेटों देकर सम्मानित किया। यूनिटी मार्च के दौरान सांसद सहित जन प्रतिनिधियों ने जगह-जगह जनजागरण कार्यक्रमों में भाग लिया। सिग्नल चौक में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, झंडा चौक से सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचने पर नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। हाईस्कूल कैलाश नगर में स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके बाद ग्राम भागूटोला के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया और जांच कराया। वहीं गुरुकुल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। अंत में भोरमदेव आवासीय विद्यालय महराजपुर में उत्साह और एकता के साथ यूनिटी मार्च पदयात्रा का समापन हुआ। यूनिटी मार्च में क्षेत्रीय जनप्रतिनियों सहित जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



### सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारः सांसद

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मना रहे हैं, जो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार, एक शक्ति और एक संकल्प के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश के 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में बांधने का जो महान कार्य किया, वह विश्व इतिहास का सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि उस दौर में भारत कई रियासतों में बंटा हुआ था, जहां हर राजा अपनी सत्ता में सीमित था। लेकिन सरदार पटेल ने अद्भुत दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और कौशल के बल पर उन सभी रियासतों को भारत माता की गोद में समाहित किया। अगर उस समय सरदार पटेल न होते, तो आज भारत एकजुट और सशक्त रूप में खड़ा नहीं होता।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि, नशामुक्त अभियान की दिलाई शपथ

यूनिटी मार्च के दौरान सिग्नल चौक स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। युनिटी मार्च झंडा चौक पहुंचने पर स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। गीत और नृत्य से सजे कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की। यूनिटी मार्च झंडा चौक से भारत माता, वंदे मातरम के जयकारे के साथ सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पहुंची।

**कथा:** पिछले जन्म के पुण्य कार्यो से मिलता है शिव महापुराण कथा सुनने का सौभाग्य: पंडित प्रदीप मिश्रा

# शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन कथा सुनने घुघरी खुर्द में उमड़ा जनसैलाब



### कौशिल्या देवी, सांसद व विधायक पहुंची कथा सुनने

शिवमहापुराण कथा के अंतिम दिवस 10 नवम्बर को जहां करीब दो लाख की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवणपान करने पहुंचे वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या साय, क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी पहुंची। तीनो पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ व्यासपीठ की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमती साय और श्रीमती बोहरा ने तो यजमान परिवार के गणेश तिवारी, श्रीमती नेहा तिवारी तथा आशीष तिवारी के साथ अंतिम दिवस की पूरी कथा का श्रवणपान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा के ग्राम घुघरी खुर्द में आयोजित पंडित प्रदीप मिश्रा की पांच दिवसीय पावन शिव महापुराण की कथा का 10 नवम्बर को विराम हो गया। कथा के अंतिम दिवस प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक आयोजित कथा सुनने जहां लाखों की संख्या शिवभक्त पहुंचे वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या साय, क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी पहुंची। तीनो पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ व्यासपीठ की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिन दिव्य शिव महापुराण कथा का श्रवणपान करने पहुंच लाखों शिवभक्तों को संबोधित करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि शिव कृपा और भगवान का अविरल स्मरण ही श्रेष्ठ कर्म है। मानव जीवन दुर्लभ है, इसलिए इसमें अच्छे कर्म करने का अवसर न गंवाएं। महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि गलत कार्य करने से पहले दस बार विचार अवश्य करें और जहां भी शिवपुराण कथा चल रही हो वहां अवश्य जाएं, क्योंकि वही सच्चे कर्म और कल्याण का मार्ग है। भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा शिव जी ऐसे हैं जो पत्थर में बैठते हैं, वे मृत्यु लोक के भगवान हैं। जब सारे देव देव हैं, तब शिव देवाधिदेव हैं। महाराज श्री ने सादगीपूर्ण भक्ति का संदेश देते हुए कहा कि शिवजी को 10 लीटर दूध की नहीं, बल्कि निर्मल हृदय की आवश्यकता है। शुद्ध मन से चढ़ाया गया एक लोटा जल ही परम प्रसाद है। कथा के यजमान गणेश तिवारी, नेहा तिवारी एवं आशीष तिवारी द्वारा सुरभि यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मार्गशीर्ष माह के अग्र नक्षत्र में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### पूर्व जन्म के फलों का परिणाम है शिवमहापुराण कथा सुनना

कथा के अंतिम दिन दिव्य शिव महापुराण कथा का श्रवणपान करने पहुंच लाखों शिवभक्तों को संबोधित करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हमारा और आपका पिछले जन्म का कोई पुण्य होगा जो हमे इस पवित्र मास में शिव महापुराण कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करने का अवसर मिला है। महाराज जी ने कहा कि हमारे पिछले जन्म के पुण्य ही हमारे इस जन्म के मार्ग को तय करते हैं और अगर कोई पिछले जन्म के गुरे कर्मो की वजय है से इस जन्म में भटका हुआ है तो वह शिव अराधना कर सही मार्ग में चल सकता है। उन्होने कहा कि लोगों को अच्छी बातें, अच्छी आदतें सिखानी पड़ती है लेकिन बुरी बातें, बुरी आदतें लोग बगैर सिखाए ही सीख जाते हैं। लेकिन भगवान भोलेनाथ अच्छे-बुरे सभी को अपनी शरण में लेते हैं और सही मार्ग दिखाते हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा भगवान भोलेनाथ के मंदिर जाने वाला और एक लोटा जल समर्पित करने वाला कभी भटक नहीं सकता। कथा के दौरान पूरे पण्डाल में शिव भक्ति हिलोरे मार रही थी। लोगों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह और श्रद्धाभक्ति देखने को मिली।

# वर्ल्ड कप विजेता टीम की सहभागी डॉ. आकांक्षा का आज होगा कवर्धा में भव्य स्वागत

■ डॉ. आकांक्षा के आगमन से जिले में उत्साह, युवाओं में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आईसीसी महिला वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा रही डॉ. आकांक्षा सत्यवंशी कल कवर्धा पहुंचेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने के बाद पूरे देश में उत्सव का माहौल है, वहीं छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व का क्षण इसलिए भी विशेष है क्योंकि टीम में हमारे राज्य की बेटी डॉ. आकांक्षा सत्यवंशी ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। कवर्धा की इस बेटी ने न केवल भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मान बढ़ाया है, बल्कि छत्तीसगढ़ और विशेषकर कबीरधाम जिले का भी नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनके आगमन को लेकर कवर्धा शहर में उत्साह का माहौल है। शहर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार सजाए जा रहे हैं, वहीं जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगाकर नागरिकों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। भाजपा, कांग्रेस, खेल संघों, महिला संगठनों और स्कूली बच्चों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनके स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। जानकारी के अनुसार, डॉ. आकांक्षा का स्वागत कवर्धा प्रवेश द्वार पर पुष्प वर्षा और भव्य स्वागत रैली के साथ किया जाएगा।



इसके बाद उन्हें शहर के मुख्य समारोह स्थल पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉकों से खेल प्रेमी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। युवाओं में उनके आगमन को लेकर विशेष उत्साह है। कई खेल प्रेमी इसे छत्तीसगढ़ की खेल गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं।

स्थानीय खेल प्रेमियों का कहना है कि डॉ. आकांक्षा सत्यवंशी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और प्रदेश में महिला क्रिकेट को एक नई पहचान प्राप्त होगी। अंत में कवर्धा के नागरिकों ने कहा हमारी बेटी डॉ. आकांक्षा का कवर्धा आगमन हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।

## भाजपा शहर मंडल कवर्धा में एसआईआर मंडल कार्यशाला संपन्न



**कवर्धा।** भाजपा शहर मंडल कवर्धा में संगठनात्मक सक्रियता को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में एसआईआर मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडल के पदाधिकारी, पार्षद, विभिन्न मोर्चो के अध्यक्ष और सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली बल उसका कार्यकर्ता है, जो बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाता है। एसआईआर मंडल प्रभारी खिलेश्वर साहू ने कहा कि एसआईआर योजना संगठन के विस्तार और प्रशिक्षण की एक मजबूत कड़ी है। कार्यकर्ताओं को बूथ से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाए रखना होगा। जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ने कहा कि भाजपा एक विचार परिवार है, जो सेवा और संस्कार के बल पर कार्य करता है। कार्यकर्ता अनुशासन और समर्पण से ही संगठन की पहचान बनाते हैं। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। एसआईआर कार्यशाला का उद्देश्य हर कार्यकर्ता को संगठन की दिशा और नीति से जोड़ना है। उन्होंने सभी से कहा कि आने वाले समय में भाजपा के हर कार्यक्रम को जन-आंदोलन का रूप देने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस कार्यक्रम में मंडल कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पार्षद एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम जनमन एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम जनमन एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाले इंजीनियर के खिलाफ छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क विकास अभिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, कवर्धा, जिला कबीरधाम को जिला कबीरधाम के पीएम जनमन एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों का निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के पैकेज क्रमांक-सीजी 09-127 की सड़क दलदली मेन



रोड से केसमर्दा से रबदा कार्य को प्रथम दृष्टया गुणवत्ताहीन संपादित किए जाने के कारण असंतोषप्रद पाया गया है। जो कार्यों के प्रति लापरवाही एवं शासन के निर्देशों की अवहेलना है। सागर यादव, उप अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, कवर्धा, जिला कबीरधाम का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के विपरीत तथा गंभीर कदाचरण/अपराध की श्रेणी में आने के कारण श्री यादव, उपअभियंता के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत निलंबित एवं विभागीय जॉच संस्थित किए जाने का प्रशासकीय निर्णय लिया गया है। अतः राज्य शासन एत द्वारा श्री यादव, उप अभियंता को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर इनका मुख्यालय अधीक्षण अभियंता, छ0ग0ग्रा0स0वि0 अभिकरण परियोजना मंडल दुर्ग, जिला दुर्ग निर्धारित किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि वे बिना सक्षम स्वीकृति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगे। श्री यादव, उपअभियंता को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते प्राप्त करने की पात्रता होगी।

# मेडिकल फर्जीवाड़ा प्रकरण की निष्पक्षता से जांच करने फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वास्थ्य विभाग की बहुचर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा प्रकरण की विभागीय जांच को शासन के नियमों एवं निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरूप निष्पक्षता से करने के लिए स्वास्थ्य फेडरेशन ने कलेक्टर, सीएमएचओ और जांच अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। स्वास्थ्य फेडरेशन ने ज्ञापन में बताया है कि, मेडिकल फर्जीवाड़ा प्रकरण में तात्कालीन सीएमएचओ डॉ सुजॉय मुखर्जी ने विभागीय जांच किए बिना ही लिपिक दीपक सिंह ठाकुर को दोषी करार देते हुए दण्डादेश देकर अन्याय पूर्ण कार्यवाही किया था। फेडरेशन ने मांग किया है कि दीपक सिंह ठाकुर के खिलाफ वर्तमान में चल रही विभागीय जांच में अन्याय न हो इसलिए विभागीय जांच शासन के नियमों व मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरूप किया जावे। प्रकरण की सच्चाई सामने आए प्रकरण के शिकायतकर्ता मनीष जॉय नेत्र सहायक अधिकारी, फर्जी सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले बर्खास्त नव आरक्षक डेविड लहरे खेमराज तथा फर्जी सर्टिफिकेट को अपने हस्ताक्षर से अनुमोदन करने वाले सिविल सर्जन डॉ सुरेश कुमार तिवारी, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ नमिता वाल्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ पी सी प्रभाकर व डॉ स्वप्निल तिवारी को जांच में सम्मिलित कर बयान लेने की मांग किया है। फेडरेशन ने मांग किया है कि जांच के उपरांत सत्य को साक्ष्य की कसौटी में परखने के बाद जो भी दोषी हो उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाय। बहरहाल फेडरेशन के द्वारा ज्ञापन देने के बाद प्रकरण में आज तक लंबित विभागीय जांच शुरू होता है या यूं ही पहले की भांति जांच जांच के खेल में विभागीय जांच अटका रहेगा। इसके लिए अभी इंतजार करना होगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से भोरमदेव क्षेत्र में खुली विकास की नई राह

# अमरौड़ी को मिली 41.65 लाख की सौगात, ग्रामीणों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से आज भोरमदेव मंडल क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरहठी के आश्रित ग्राम अमरौड़ी को मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के अंतर्गत 41.65 लाख की विकास सौगात प्राप्त हुई। इस अवसर पर गांव में विधिवत पूजन-अर्चन एवं भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे गाँवों का संपर्क मुख्य मार्गों से सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा है कि कवर्धा विधानसभा का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि गाँव-गाँव तक समृद्धि पहुँचे, युवा आत्मनिर्भर बनें, और हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध हों। विकास केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह हर घर, हर गली, हर खेत तक पहुंचेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने भूमिपूजन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना का उद्देश्य गांवों में आधुनिक एवं सुदृढ़ सड़क सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण अंचलों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा विधानसभा में विकास कार्यों की गति तेजी से बढ़ी है और जनहित की योजनाएँ धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भोरमदेव क्षेत्र ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, और राज्य सरकार का लक्ष्य है कि यहां का प्रत्येक ग्राम विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। गौरव पथ निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और आर्थिक-सामाजिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नीतेश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू मिलुराम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजेश साहू, चेतन विश्वकर्मा अजय कौशिक रम्भहन साहू राजा कुंभकार, खेला कुंभकार, आजूराम सरपंच ग्राम पंचायत भरहठी, सत्तेलाल पटेल उपसरपंच भरहठी, कुपलाल साहू, वंता साहू उपस्थित थे।



## बड़ी, बिजौरी के सीजन में खूब बिक रहे रखिया...



**कवर्धा।** बड़ी-बिजौरी के इस सीजन में नगर के बाजार में बड़ी मात्रा में पहुंच रहा है रखिया।